दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

ग्वालियर ■ वर्ष : 2 ■ अंक : 30 | ग्वालियर, शनिवार 29 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

जब देश का सामर्थ्य बढ़ेगा तो देश के हर नागरिक, हर परिवार का सामर्थ्य बढ़ेगा: मोदी

फरीदाबाद में गृहमंत्रियों के चिंतन शिविर में बोले प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। हरियाणा के फरीदाबाद जिले में चल रहे सभी राज्यों के गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर को वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहा जब देश का सामर्थ्य बढ़ेगा तो देश के हर नागरिक, हर परिवार का सामर्थ्य बढ़ेगा। उन्होंने कहाकि आजकल देश में उत्सव का माहौल है। ओणम, दशहरा, दुर्गापूजा और दीपावली सहित अनेक उत्सव शांति और सौहार्द के साथ देशवासियों ने मनाए हैं। अभी छठ पूजा सहित कई अन्य त्योहार भी हैं। विभिन्न चुनौतियों के बीच इन त्योहारों में देश की एकता का सशक्त होना आपकी तैयारियों का भी प्रतिबिंब है। मोदी ने कहा कि कानून और व्यवस्था राज्यों की जिम्मेदारी है, लेकिन ये राष्ट्र की एकता और अखंडता से भी जुड़े हुए हैं। पीएम ने कहा कि सूरजकुंड में गृह मंत्रियों का यह चिंतन शिविर सहकारी संघवाद का एक बेहतर उदाहरण है। राज्य एक-दूसरे से सीख सकते हैं, एक-दूसरे से प्रेरणा ले सकते हैं और देश की बेहतरी के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। यह संविधान की भावना है और हमारे नागरिकों के प्रति हमारा कर्तव्य है।

पीएम ने आगे कहा कि आजादी का अमृतकाल हमारे सामने हैं। आने वाले 25 वर्ष देश में एक अमृत पीढ़ी के निर्माण के हैं। ये अमृत पीढ़ी %पंच प्राणों% के संकल्पों को धारण करके निर्मित होगी। विकसित भारत का निर्माण, गुलामी की हर सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता, और नागरिक कर्तव्य... इन पंच प्राणों का महत्व आप सभी भली भांति जानते हैं, समझते हैं। ये एक विराट संकल्प है, जिसको सिर्फ और सिर्फ सबके प्रयास से ही सिद्ध किया जा सकता है। मोदी ने कहा कि देश की बेहतरी के लिए काम करना संविधान की भी भावना है और देशवासियों के प्रति हमारा दायित्व है। जब देश का सामर्थ्य बढ़ेगा तो देश के हर नागरिक, हर परिवार का सामर्थ्य बढ़ेगा। यही तो सुशासन है, जिसका लाभ देश के हर राज्य को समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसमें आप सभी की बहुत बड़ी भूमिका है। पीएम ने राज्य सरकारों से केंद्रीय जांच एजेंसियों का सहयोग करने की अपील भी की। मोदी ने कहा कि कई बार केंद्रीय एजेंसियों को कई राज्यों में एक साथ जांच करनी पड़ती है, दूसरे देशों में भी जाना पड़ता है। इसलिए हर राज्य का दायित्व है कि चाहे राज्य की एजेंसी हो, चाहे केंद्र की एजेंसी हो, सभी एजेंसियों को एक-दूसरे को पूरा सहयोग देना चाहिए। मोदी ने कहा कि आज एनडीआरएफ के लिए देशवासियों के मन में काफी सम्मान है। आपदा के समय जैसे ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम पहुंचती है, वैसे ही लोगों को संतोष होने लगता है कि अब विशेषज्ञ पहुंच गए हैं, अब ये अपना काम कर लेंगे। उन्होंने कहा कि अपराध वाली किसी भी जगह पर जैसे ही पुलिस पहुंचती है, लोगों में ये भाव आता है कि सरकार पहुंच गई। कोरोना काल में भी हमने देखा कि किस तरह पुलिस की साख बेहतर हुई थी। पीएम ने कहा कि साइबर क्राइम हो या फिर ड्रोन टेक्नोलॉजी का हथियारों और ड्रग्स तस्करी में उपयोग, इनके लिए हमें नई टेक्नोलॉजी पर काम करते रहना होगा। स्मार्ट टेक्नोलॉजी से कानून-व्यवस्था को स्मार्ट बना पाना संभव होगा। बीते वर्षों में भारत सरकार के स्तर पर कानून व्यवस्था से जुड़े सुधार हुए हैं, जिसने पूरे देश में शांति का वातावरण बनाने का काम किया है। बीते वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कानूनों ने भी देश में कानून व्यवस्था को मजबूत किया है।

उत्तर कोरिया ने जापान सागर की ओर दो छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागी

सियोल। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ और लोकल मीडिया ने कहा कि उत्तर कोरिया ने जापान सागर की ओर दो छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। दक्षिणकोरियाई मीडिया ने बताया, संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि उसने कांगवोन प्रांत के तोंगचोन क्षेत्र से प्रक्षेपणों का पता लगाया है। दक्षिण कोरिया की सेना ÷संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ घनिष्ठ सहयोग में पूर्ण तैयारी की मुद्रा बनाए हुए है÷। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' ने कहा कि मिसाइल ने उत्तर कोरिया के पूर्वी जलक्षेत्र की ओर उड़ान भरी, लेकिन उन्होंने इस बारे में और कोई जानकारी नहीं दी कि मिसाइल कितनी दूर तक गई। उत्तर कोरिया ने हाल के हफ्तों में कई मिसाइलों और हथियारों का परीक्षण किया है। ताजा परीक्षण दक्षिण कोरिया के 12 दिवसीय वार्षिक सैन्य अभ्यास होगुक के अंतिम दिन किया गया है। इस साल अभ्यास में अमेरिकी सैनिकों ने भी हिस्सा लिया है, जिनकी संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। दक्षिण कोरिया और अमेरिका की वायु सेनाओं ने अगले सप्ताह व्यापक प्रशिक्षण आयोजित करने की योजना बनाई है। उत्तर कोरिया दक्षिण कोरिया और अमेरिका के इस तरह के नियमित सैन्य अभ्यासों को अपने ऊपर हमले की तैयारियों के तौर पर देखता है।

खास खबर

यूएई में फंसे पंजाब के करीब 100 अप्रवासी श्रमिक, राघव चड्ढा ने विदेशमंत्री से मांगी मदद

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) के आला नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी में फंसे पंजाब के करीब 100 अप्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा और उन्हें जल्द से जल्द निकालने के लिए विदेश मंत्री एस.जयशंकर को पत्र लिखा है। सांसद चड्ढा ने पत्र में कहा है कि अबू धाबी में एक निजी फर्म, स्क्वायर जनरल कॉन्ट्रैक्टिंग कंपनी में काम करने वाले पंजाब के लगभग 100 मूल निवासी बिना पासपोर्ट के फंसे हुए हैं, क्योंकि उक्त फर्म ने उनके ठेके कथित तौर पर समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि इससे पंजाबी कामगार ऑनलाइन आवेदन करने के बावजूद भारत नहीं लौट पा रहे हैं। जबकि उनके परिवार उनके लिए टिकट की व्यवस्था करने को तैयार हैं। आप के वरिष्ठ नेता ने अपने पत्र में जयशंकर से कहा, मैं इस मामले में आपके तत्काल हस्तक्षेप और दुबई में भारतीय वाणिज्य दूतावास को निर्देश जारी करने का अनुरोध करता हूं कि वे फंसे हुए व्यक्तियों के साथ संपर्क स्थापित करें ताकि उनकी जल्द भारत वापसी की व्यवस्था की जा सके।

तमिलनाडु पुलिस इस्लामिया प्रचार पेरवई के दो नेताओं से कर रही पूछताछ

चेन्नई। तमिलनाडु पुलिस इस्लामिया प्रचार पेरवई नामक अल्पज्ञात संगठन के दो नेताओं से रामनाथपुरम जिले के इरवाड़ी में पूछताछ कर रही है। इस्लामिया प्रचार पेरवई के प्रदेश महासचिव अब्दुल खादर और एक अन्य शख्स मोहम्मद हुसैन मनपई से पूछताछ जारी है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक संगठन से जुड़े मोहम्मद हुसैन अब एक ट्रैवल एजेंसी और कैटरिंग यूनिट चला रहे हैं, जबकि अब्दुल खादर संगठन के पूर्णकालिक कार्यकर्ता हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मामले में पहले से गिरफ्तार छह लोगों की पूछताछ के बाद इन दोनों का नाम सामने आया है।

सूर्यग्रहण पर 'अंध विश्वास' तोड़ने के लिए दिया भोज, पुरी के शंकराचार्य बोले- सनातन धर्म के खिलाफ

भुवनेश्वर। खगोल जगत में होने वाली घटनाओं के पीछे विज्ञान के सिद्धांत निहित होते हैं। ऐसे में ओडिशा में संतों और धर्मगुरुओं ने सूर्य ग्रहण के दौरान भुवनेश्वर में कुछ लोगों की ओर से एक सामुदायिक भोज में मुर्गे की बिरयानी परोसने की घटना पर रोष जताया है। खुद को तर्कवादी बताने वाले लोगों के एक समूह ने 'अंध विश्वास' को तोड़ने के लिए इस भोज का आयोजन किया था। कुछ धार्मिक संगठनों ने 'तर्कवादियों' के खिलाफ पुरी और कटक के अलग-अलग थानों में कम से कम चार प्राथमिकी दर्ज कराई हैं। पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा, वे अज्ञानी हैं। उनके कार्य सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों के खिलाफ हैं। ग्रहण के दौरान उन लोगों द्वारा खाया गया भोजन (चिकन बिरयानी) उनके जीवन का अभिशाप हो सकता है। उन्होंने कहा कि जो लोग बुनियादी सिद्धांतों का उल्लंघन कर नए सिद्धांत गढ़ते हैं, वे 'अपने जीवन और बड़े पैमाने पर समाज को नुकसान पहुंचाते हैं।' संत ने कहा, नियम और परंपराएं भारतीयों के दर्शन, विज्ञान और सामाजिक व्यवहार के आधार पर बनाई गई हैं। ये बताती हैं कि किस समय क्या खाया जाना चाहिए। प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु पद्म श्री बाबा बलिया ने भी 'तर्कवादियों' के कृत्य की निंदा की, जिन्होंने मंगलवार को 'सूर्य ग्रहण के दौरान उपवास की परंपरा को सार्वजनिक रूप से चुनौती दी थी।' उन्होंने कहा, कोई किसी को खाना खाने से नहीं रोक सकता। लेकिन, समाज को गुमराह करना स्वस्थ संस्कृति नहीं है। सूर्य या चंद्र ग्रहण के दौरान खाली पेट रहने की प्रथा विज्ञान पर आधारित है। इस बीच, 'तर्कवादियों' ने कहा कि वे आठ नवंबर को होने वाले चंद्र ग्रहण के दौरान भी ऐसा ही करेंगे। उत्कल विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान के सेवानिवृत्त प्रोफेसर प्रताप रथ ने कहा, %मैं जो मानता हूं, उसके साथ खड़ा हूं। जो कुछ भी विज्ञान पर आधारित नहीं है, उसका पालन नहीं किया जाना चाहिए। मैंने बचपन से ग्रहण के दौरान खाना खाया है और आगे भी ऐसा करता रहूंगा। 66 वर्षीय रथ ने कहा, मैंने किसी कानून का उल्लंघन नहीं किया है या फिर संविधान के खिलाफ काम नहीं किया है।

गडकरी बोले- निवेशकों की अच्छी प्रतिक्रिया से एनएचएआई इनविट में खुदरा हिस्सेदारी बढ़ेगी

मुंबई। देश की सड़कों के बेहतर बनाने की उम्मीद से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अवसंरचना निवेश न्यास (इनविट) को सार्वजनिक निवेशकों से राशि एकत्र करने के प्रयास में अच्छी प्रतिक्रिया मिलने से उत्साहित है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि आने वाले वक्त में वित्त जुटाने के इस तरह के नए कदमों में खुदरा हिस्सेदारी बढ़ेगी। इस इनविट में 1,430 करोड़ रुपये के गैर-परिवर्तनीय ऋण-पत्र (एनसीडी) जारी किए गए थे। इस निर्गम को सात गुना अधिक अभिदान मिला था। एनएचएआई के इनविट और एनसीडी की दूसरी किस्त को सूचीबद्ध करने के बाद गडकरी ने बीएसई में एक सभी को संबोधित किया। इस निर्गम का 25 फीसदी हिस्सा खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित था जिसके बारे में एनएचएआई ने यह नहीं बताया कि इसे कितना अभिदान मिला। इस बारे में प्राधिकरण ने बस इतना ही कहा कि इसे बहुत शानदार प्रतिक्रिया मिली है। इनविट भी म्यूचुअल फंड की तरह निवेश माध्यम है। इनके जरिये निवेशकों से धन जुटाया जाता है और ऐसी संपत्तियों में लगाया जाता है जो एक समय बाद आय उपलब्ध कराती हैं। गडकरी ने कहा, 'हम चाहते हैं कि इन इनविट में अधिक से अधिक लोग निवेश करें, मतलब हमारी सड़कों में। मैं भरोसा दिलाता हूं कि एनएचएआई की सड़कें निवेशकों को 100 फीसदी सुरक्षा और रिटर्न की सर्वश्रेष्ठ आंतरिक दर की पेशकश करती है। आगे जाकर खुदरा के लिए अधिक हिस्से को हम आरक्षित रखेंगे।' एनएचएआई की चेयरपर्सन अल्का उपाध्याय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्राधिकरण के आगामी इनविट में खुदरा के लिए और इकाइयों को आरक्षित रखा जाएगा।

लोकआस्था का महापर्व छठ पूजा नहाय-खाय से साथ हुआ आरंभ

पटना। दीपोत्सव के हफ्ते भर बाद लोकआस्था का महापर्व छठ पूजा आज से शुरू हो गया है। छठ पूजा की शुरुआत शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ आरंभ हो गई है। नहाय खाय के दिन महिला छठ व्रतियों ने गंगा स्नान कर गंगाजल लेकर अपने घर पहुंचते हैं और अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी बनाकर इसकी शुरुआत करते हैं। उत्तर भारत में खासतौर से बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में मनाये जाने वाले इस महापर्व छठ को लेकर तैयारियां इन दिनों जोर शोर से हो रही हैं। छठ के पहले दिन यानी नहाय-खाय के साथ लोग गंगा में डुबकी लगाकर या गंगा जल छिड़ककर सूर्य देव की पूजा-अर्चना के साथ पूजा की शुरुआत की। 4 दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में पहले दिन गंगा स्नान से इसकी शुरुआत की जाती है। दूसरे दिन छठ व्रती महिलाएं खरना कर प्रसाद ग्रहण करने के बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू करती हैं। तीसरे दिन डुबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है और चौथे दिन उगते सूरज की पूजा अर्चना के साथ चार दिवसीय महापर्व समाप्त हो जाता है। नहाय खाए के साथ व्रती नियमों के साथ सात्विक जीवन जीते हैं और हर तरह की नकारात्मक भावनाएं जैसे लोभ, मोह, क्रोध आदि से खुद को दूर रखते हैं। छठ पूजा आस्था और संयम का त्योहार माना जाता है। छठ पूजा की शुरुआत नहाय-खाय के साथ होती है। हिंदू पंचांग के मुताबिक, छठ पूजा कार्तिक माह की षष्ठी से शुरू हो जाती है। यह पर्व चार दिनों चलता है। ऐसे में आज नहाय-खाय है। इसके अगले दिन यानी 29 अक्टूबर को खरना मनाया जाएगा। जबकि 30 अक्टूबर को अस्ताचंल सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। और अंत में 31 अक्टूबर की उदयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही इस पावन पर्व का समापन हो जाएगा। बेगूसराय में लोक आस्था का महापर्व छठ पर्व के पहले दिन नहाय खाए पर सुप्रसिद्ध सिमरिया गंगा घाट समेत विभिन्न गंगा घाट पर लोगों का सुबह से पहुंचना शुरू हो गया। गंगा स्नान करने को लेकर सिमरिया गंगा घाट में काफी भीड़ देखी गई। हजारों की संख्या में महिला छठ व्रतियों ने गंगा स्नान किया। सिमरिया के अलावा जिले के झमटिया गंगा घाट , मटिहानी खोरमपुर, अयोध्या गंगा घाट समित कई घाटो में हजारों छठ व्रतियों ने गंगा स्नान कर पूजा अर्चना की। गंगा स्नान को लेकर घाटों पर सुरक्षा की ही व्यापक प्रबंध किए गए थे ताकि छठ व्रती महिलाओं को कोई परेशानी ना हो।

न्यूज़ ट्रैक....

एशियाई एयरगन चैंपियनशिप नवंबर माह में होगी

नई दिल्ली । एशियाई एयरगन चैंपियनशिप का आयोजन दक्षिण कोरिया में नौ से 19 नवंबर तक किया जाएगा। इसमें दिव्यांश सिंह पंवार और इलावेनिल वलरिवान को मेहुली घोष और मेघना सज्जनार के साथ 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में जगह मिली है। इसी स्पर्धा के व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व अर्जुन बबूता, किरण अंकुश जाधव और रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल करेंगे। इसमें दिव्यांश 10 मीटर एयर राइफल जूनियर पुरुष व्यक्तिगत और टीम वर्ग में उतरेंगे। उनके साथ टीम में श्रीकार्तिक साबरी राज और विदित जैन को जगह मिली है। वहीं इस वर्ग की जूनियर महिला व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में रमिता, नैंसी और तिलोतमा सेन हिस्सा लेंगे। एयर पिस्टल 10 मीटर पुरुष वर्ग की व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा के लिए शिव नरवाल, नवीन और विजयवीर सिद्धू को टीम में शामिल किया गया है। दूसरी ओर महिला वर्ग में युविका तोमर, रिद्दम सांगवान और पलक को टीम में जगह मिली है। युवा महिला 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व यशस्वी जोशी, कनिष्का डागर और हरनवदीप कौर करेंगे। युवा पुरुष वर्ग में संदीप बिश्नोई, साहिल और अमित शर्मा को टीम में शामिल किया गया है। एयर पिस्टल 10 मीटर जूनियर महिला टीम में मनु भाकर, ईशा सिंह और शिखा नरवाल के होने से भारत की व्यक्तिगत और टीम वर्ग में दावेदारी मजबूत है।

विश्वकप में ब्राजील रहेगी शीर्ष टीम, बेल्जियम को दूसरा स्थान

ज्यूरिख । ब्राजील टीम कतर में 20 नवंबर से शुरू होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल में शीर्ष रैंकिंग टीम के तौर पर उतरेगी। ब्राजील ने गत माह घाना और ट्यूनीशिया से दो अभ्यास मैच में मिली जीत के बाद बेल्जियम पर अपनी बढ़त बढ़ा ली है जिससे अब वह शीर्ष रैंकिंग टीम बन गयी है। वहीं बेल्जियम को नेशन्स लीग के दो में से एक मैच में नीदरलैंड के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। पूर्व चैम्पियन अर्जेंटीना तीसरे नंबर पर है जबकि 2018 विश्व कप चैम्पियन फ्रांस को चौथा स्थान मिला है। मेजबान कतर 50वीं रैंकिंग की टीम है वह सऊदी अरब 51वीं रैंकिंग केवल एक स्थान ऊपर है। वहीं घाना की टीम 61वें स्थान से विश्व कप में निचली रैंकिंग की टीम रहेगी। विश्व कप में रुगए बी रैंकिंग के हिसाब से काफी बेहतर है जिसमें शामिल सभी चार टीमें शीर्ष 20 में शामिल है। इसमें इंग्लैंड (पांचवीं), अमेरिका (16वीं), वेल्स (19वीं) और ईरान (20वीं) रैंकिंग की टीमें हैं।

क्रोएशियाई महिला फुटबॉलर एना इंग्लैंड जाएंगी

लंदन । क्रोएशिया की सबसे खूबसूरत महिला फुटबॉलर एना मारिया मार्कोविच ने कहा है कि वह भविष्य में अभ्यास की जरुरतों को देखते हुए स्थायी रुप से इंग्लैंड जाने के लिए तैयार है। एना के इस बयान ने उनके प्रशंसकों में निराशा का माहौल है। इस स्ट्राइकर एना मारिया मार्कोविच के अनुसार वह खेल के लिए इंग्लैंड जाने के लिए काफी हद तक तैयार हैं। एना अभी अपने देश के अलावा स्विटजरलैंड के क्लब ग्रासहोपर्स की ओर से भी फुटबॉल खेलती हैं। एना ने कहा कि ग्रासहोपर्स जैसे क्लब ने उनकी काफी मदद की है और वह आगे भी कुछ समय तक इसके साथ ही रहना चाहती हैं। ऐसी स्थिति मे अगले 1-2 साल तक इंग्लैंड नहीं जाएंगी। उन्होंने साथ ही एक खुलासा भी किया है कि सोशल

मिताली और शांता रंगास्वामी ने फैसले का स्वागत किया

अब महिला क्रिकेटरों को भी पुरूष क्रिकेटरों के बराबर मैच फीस मिलेगी : जय शाह

मुम्बई । भारत में अब महिला क्रिकेटरों को भी पुरुष क्रिकेटरों के समान ही मैच फीस मिलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने एक अहम फैसले में कहा है कि समानता को बढावा देने के लिए यह कदम उठाया गया है। इसके तहत अब केंद्रीय अनुबंधित महिला क्रिकेटरों को भी पुरूष क्रिकेटरों के समान ही मैच फीस दी जाएगी। ।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने ट्वीट किया ,'' मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बीसीसीआई किसी भी प्रकार का भेदभाव दूर करने की दिशा में पहला कदम उठा रहा है। हम अनुबंधित महिलाओं के लिये भी समान मैच फीस की नीति लागू कर रहे हैं।'' उन्होंने साथ ही लिखा ,'' भारतीय क्रिकेट में लैंगिक समानता के नये युग में हम महिला और पुरूष क्रिकेटरों को समान मैच फीस देंगे।''

इस फैसले के बाद अब बीसीसीआई की ओर से महिला क्रिकेटरों को भी पुरुष क्रिकेटरों की तरह ही टेस्ट में 15 लाख रूपये, एकदिवसीय में छह लाख रूपये और टी20 में तीन लाख रूपये की मैच

फीस दी जाएगी।

शाह ने लिखा ,'' समान फीस देना महिला क्रिकेटरों के प्रति मेरी प्रतिबद्धता थी। मैं इसके लिए शीर्ष परिषद से मिले समर्थन के लिये धन्यवाद देता हूं।'' अब बीसीसीसी समान मैच फीच देने वाला दूसरा बोर्ड बना गया है। न्यूजीलैंड ने सबसे पहले समान मैच फीस का नियम लागू किया था।

क्रिकेट जगत ने भी इस कदम का स्वागत किया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा ,'' यह ऐतिहासिक कदम है। महिला क्रिकेट के लिये यह नया सवेरा है। समान मैच फीस और महिला आईपीएल महिला क्रिकेट को वहां तक ले जाने की दिशा में उठाये गए सही कदम हैं जहां पुरूष क्रिकेट आज है।'' उन्होंने कहा ,'' महिला क्रिकेट समुदाय का हिस्सा होने के कारण मैं बीसीसीआई और सचिव जय शाह को इसके लिये धन्यवाद देती हूं। हम 2017 से ही महिला क्रिकेट की लोकप्रियता और विकास देखते आ रहे हैं। यह सही दिशा में उठाया गया कदम है।''

वहीं शीर्ष परिषद की निवर्तमान सदस्य और पूर्व क्रिकेटर रही शांता रंगास्वामी ने कहा ,'' यह क्रांतिकारी फैसला है । इससे साबित होता है कि भारत में महिलाओं को बराबरी की नजर से देखा जाता है और कोई पक्षपात नहीं है। मैं इसके लिए जय शाह, रोजर बिन्नी और राजीव शुक्ला को धन्यवाद देता हूं।''

टीम इंडिया के लिए पर्थ में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला चुनौतीपूर्ण रहेगा

उछाल भरी पिच पर तेज गेंदबाजों से रहना होगा सावधान

पर्थ । भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 विश्वकप में अब तक शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रुप-2 में शीर्ष स्थान हासिल किया है। भारतीय टीम ने पहले मैच में पाकिस्तान जबकि दूसरे मैच में नीदरलैंड को हराया है। ऐसे में उसके सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावनाएं बढ़ गयी हैं। अब अगले मैच में भारतीय टीम का मुकाबला यहां दक्षिण अफ्रीका से होगा जो आसान नहीं रहने वाला क्योंकि दक्षिण अफ्रीका ने पिछले मैच में बांग्लादेश पर 104 रन से असान जीत दर्ज की थी। इस मैच में उसके गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने दोनों का प्रदर्शन शानदार रहा था। दक्षिण अफ्रीका की टीम अंक तालिका में भारत के बाद दूसरे स्थान पर है।

पर्थ का विकेट तेज गेंदबाजों के सबसे अनुकूल माना जाता है। पर्थ दुनिया की सबसे तेज पिच मानी जाती है। यहां रफ्तार के साथ ही तेज गेंदबाजों के लिए अतिरिक्त उछाल होता है, जिससे बल्लेबाजों को परेशानी होती है। यही वजह है कि टीम इंडिया ने टी20 विश्व कप के लिए यहां अपनी तैयारियों की थीं। अब देखना है उससे उसे कितना लाभ मिलता है। भारतीय टीम टी20 विश्व कप शुरू होने से पहले एक हफ्ते तक पर्थ में

ही रही भी। तब उसने यहां वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया से दो अभ्यास मैच भी खेले थे जिससे कि उसके बल्लेबाज और गेंदबाज ऑस्ट्रेलियाई पिचों की रफ्तार और उछाल से तालमेल बैठा लें। अब टीम इंडिया की पर्थ में एक सप्ताह की ट्रेनिंग कितनी असरदार रही। यह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को होने वाले मुकाबले में पता चल जाएगा। पर्थ में अब तक 5 टी20 ही खेले गए हैं। इसमें से चार तो इसी महीने ही हुए हैं।इन सभी मुकाबलों में तेज गेंदबाज हावी रहे हैं। यहां सबसे ज्यादा विकेट तेज गेंदबाजों को मिलते हैं। इस मैदान पर पिछला मुकाबला पाकिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच हुआ था। इस मैच में कुल 16 विकेट गिरे और इसमें से 9 तो तेज गेंदबाजों ने ही लिए। पाकिस्तान इस मैच में तीन की जगह 4 तेज गेंदबाजों के साथ उतरा था। इस मैच से पहले, पर्थ में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के अलावा अफगानिस्तान और इंग्लैंड के भी मुकाबले हुए। इन दोनों मुकाबलों में तेज गेंदबाज बल्लेबाजों पर हावी रहे। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज सैम करेन ने अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में 10 रन देकर 5 विकेट लिए थे। ऐसे में भारतीय टीम के लिए पर्थ में दक्षिण अफ्रीका का सामना करना आसान नहीं होगा. क्योंकि उसके पास काफी अच्छे तेज गेंदबाज हैं। एनरिक नॉर्किय 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं और बांग्लादेश के खिलाफ पिछले मैच में इस गेंदबाज के सामने श्रीलंकाई बल्लेबाज टिक नहीं पाये थे। नॉर्किया ने इस मैच में 3.3 ओवर में 10 रन देकर 4 विकेट लिए। ऐसे में वो पर्थ में भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।

सूर्यकुमार इस साल टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले क्रिकेटर बने

रिजवान दूसरे नंबर पर खिसके

सिडनी। टीम इंडिया के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव आजकल जबरदस्त फार्म में चल रहे हैं। सूर्यकुमार ने पिछले कुछ समय में भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है। सूर्यकुमार ने नीदरलैंड के खिलाफ टी20 मुकाबले में भी 25 गेंदों में अर्धशतक लगा दिया। इसके साथ ही सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को रनों के मामले में पीछे छोड़ दिया। सूर्या ने नीदरलैंड के खिलाफ 204 के स्ट्राइक रेट से 51 रन बनाये। इस भारतीय बल्लेबाज ने नीदरलैंड के खिलाफ भारत की पारी की आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर रिजवान को पीछे छोड़ा। इसी के साथ ही वह सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विश्व रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर चल रहे पाकिस्तान के टी20 बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान से आगे निकल गए। रिजवान ने अब तक 825 रन बनाए हैं जबकि सूर्यकुमार के नाम अब 867 रन हो गये हैं। सूर्या ने यह भी बताया कि बल्लेबाजी के दौरान विराट ने उनसे क्या कहा।

सूर्यकुमार ने कहा, मैंने यहां बल्लेबाजी का आनंद उठाया, जब मैं मैदान पर पहुंचा तो विराट भाई ने मुझसे बस कहा कि आप जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं, उसी तरह से बल्लेबाजी करते रहें। तो मैंने अपने अनुसार खेला। सभी को यहां आकर और हमारा समर्थन करते हुए देखकर अच्छा लगा। मेरी पत्नी भी आसपास है इसलिए यह भी बहुत अच्छा समर्थन है। सूर्यकुमार ने साथ ही कहा, वराट ने शानदार बल्लेबाजी की। वह बस अपनी दिनचर्या और प्रक्रियाओं पर टिके हुए हैं. मुझे उनके साथ बल्लेबाजी करने में बहुत मजा आ रहा है।

व्यापारन्यूज

डॉलर के मुकाबले रुपया 4 पैसे बढ़कर 82.29 पर पहुंचा

मुंबई । घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और अमेरिकी डॉलर में कमजोरी के बीच रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 4 पैसे की तेजी के साथ 82.29 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि पूंजी बाजारों में विदेशी पूंजी की आवक से भी धारणा को बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 82.39 पर कमजोर खुला, लेकिन फिर बढ़त के साथ 82.29 के स्तर पर आ गया। इस तरह रुपया में पिछले बंद भाव के मुकाबले 4 पैसे की तेजी थी।शुरुआती सौदों में घरेलू मुद्रा 82.39-82.29 के दायरे में कारोबार कर रही थी। रुपया पिछले कारोबारी सत्र में गुरुवार को डॉलर के मुकाबले 48 पैसे उछलकर 82.33 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.23 प्रतिशत टूटकर 110.35 पर आ गया। वैश्विक तेल सूचकांक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 96.13 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

अमेरिकी बाजार में गिरावट रही

मुंबई । अमेरिका में पिछले कारोबारी सत्र के दौरान फिर बड़ी बिकवाली दिखी और निवेशकों ने जमकर मुनाफावसूली की। इस दौरान डॉलर में भी कुछ कमजोरी आई जिससे निवेशक दबाव में दिखे. अमेरिका के प्रमुख शेयर बाजारों में शामिल नेस्डेक पर पिछले कारोबारी सत्र में 1.63 फीसदी की गिरावट दिखी थी। वहीं अमेरिका के विपरीत यूरोप के ज्यादातर शेयर बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र के दौरान तेजी दिखी है। यूरोप के बड़े बाजारों में शामिल जर्मनी का स्टॉक एक्सचेंज पिछले कारोबारी सत्र में 0.12 फीसदी की बढ़त पर बंद हुआ, जबकि फ्रांस का शेयर बाजार 0.51 फीसदी के नुकसान पर रहा। हालांकि, लंदन स्टॉक एक्सचेंज पर भी पिछले सत्र में 0.25 फीसदी की बढ़त दिखी है।

सेंसेक्स 260 अंक चढ़ा, निफ्टी में भी 68 अंक की मजबूती

शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार मजबूती के साथ खुले

मुंबई । विदेशी पूंजी की आवक और रिलायंस कंपनी तथा बैंकों के शेयरों में मजबूती की वजह से शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 261.95 चढ़ गया। इस दौरान 30 शेयरों वाला सूचकांक 261.95 अंक चढ़कर 60,018.79 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह व्यापक एनएसई निफ्टी 68.85 अंक बढ़कर 17,805.80 पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, मारुति और कोटक महिंद्रा बैंक बढ़ने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर टाटा स्टील, सन फार्मा, नेस्ले और आईसीआईसीआई बैंक में गिरावट हुई। अन्य

एशियाई बाजारों में सियोल, तोक्यो, शंघाई और हांगकांग के बाजार नुकसान में कारोबार कर रहे थे। वहीं अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को मिलेजुले रूख के साथ बंद हुए। पिछले कारोबारी सत्र में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 212.88 अंक की वृद्धि के साथ 59,756.84 अंक पर बंद हुआ था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी ने भी 80.60 अंक की बढ़त दर्ज की और यह 17,736.95 अंक पर बंद हुआ था। निवेशकों ने शुरुआत से ही कोल इंडिया, हीरो मोटोकार्प, बजाज आटो, ओएनजीसी और एचडीएफसी जैसी कंपनियों में खरीदारी कर रहे हैं और यहां लगातार निवेश से ये स्टॉक टॉप गेनर की सूची में पहुंच गए। दूसरी ओर जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, सन फार्मा और डिविस जैसी कंपनियों में जमकर बिकवाली की जिससे ये शेयर टॉप लूजर की सूची में आ गए। सेक्टरवार देखा जाए तो मेटल इंडेक्स में 1.5 फीसदी की बड़ी गिरावट दिखी रही है, जबकि ऑटो इंडेक्स 0.5 फीसदी की उछाल पर है। निफ्टी एफएमसीजी में भी 0.5 फीसदी का उछाल दिख रहा है। आज मारुति के शेयरों में शुरुआत से ही एक फीसदी का उछाल दिख रहा, जबकि एसबीआई कार्ड के शेयर 6 फीसदी टूट गए हैं।

एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख

मुंबई । एशिया के कई बाजार शुक्रवार को बढ़त बनाकर खुले और हरे निशान में कारोबार कर रहे थे तो कुछ में गिरावट रही। सिंगापुर का स्टॉक एक्सचेंज 0.33 फीसदी की बढ़त पर कारोबार कर रहा, जबकि जापान का निक्केई 0.35 के नुकसान पर था। हांगकांग के शेयर बाजार में 0.66 फीसदी और ताइवान के स्टॉक एक्सचेंज पर 0.41 फीसदी की गिरावट देखी गई। दक्षिण कोरिया का बाजार भी 0.06 फीसदी तो चीन का शंघाई कंपोजिट 0.52 फीसदी के नुकसान पर कारोबार कर रहा था। बाजार में आज दबाव के बीच भी निवेशकों के पास कमाई का मौका है। विशेषज्ञों का कहना है कि आज के कारोबार में कई ऐसे स्टॉक्स हैं जिन पर दांव लगाया जा सकता है। जैसे एचडीएफसी बैंक, मेरिको, आईटीसी एचडीएफसी लाइफ और पेट्रोनेट जैसी कंपनियों के स्टॉक शामिल हैं।

दिल्ली हवाई अड्डे पर अधिक इलेक्ट्रिक वाहन तैनात करेगी डायल

नई दिल्ली। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा लिमिटेड (डायल) ने हवाईअड्डे के पारिस्थितिकी तंत्र में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए 57 इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को तैनात किया है। जल्द ही इसतरह के और वाहनों को परिचालन होगा। डायल ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। बयान के अनुसार, डायल ने ईवी को अपनाने की शुरुआत की है। इसका लक्ष्य चरणबद्ध तरीके से अपने सभी डीजल और पेट्रोल वाहनों को बदलने का है। डायल ने कहा, हमने पहले चरण में अपने 'एयरसाइड' और 'लैंडसाइड' प्रबंधन के लिए 64 ईवी का ऑर्डर दिया है। उसमें से 57 ईवी मिले हैं, जिन्हें एयरसाइड और लैंडसाइड पर तैनात किया है। सात और ईवी जल्द ही तैनात किए जाएंगे। 57 इलेक्ट्रिक वाहनों में से 21 को एयरसाइड पर तैनात किया जा रहा है। हवाई अड्डे की परिचालक ने इस साल जून में हरित परिवहन कार्यक्रम शुरू किया है। इसका उद्देश्य इस कार्यक्रम के जरिये हरित परिवहन की ओर बदलाव करना है। हवाई अड्डे का लक्ष्य 2030 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का है।

सोना 50,778 और चांदी 58,443 रुपए पर पहुंची

नई दिल्ली । भारतीय वायदा बाजार में शुक्रवार 28 अक्टूबर को सोने और चांदी में तेजी देखी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार की में तो दोनों ही कीमती धातुओं में गिरावट देखी गई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का भाव शुकवार को शुरुआती कारोबार में 0.08 फीसदी तेज है। वहीं चांदी में भी एमसीएक्स पर 0.28 फीसदी उछल गया है। शुक्रवार को वायदा बाजार में 24 कैरेट शुद्धता वाला सोना सुबह 41 रुपए चकर 50,778 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। सोने का भाव 50,765 रुपए पर खुला था। खुलते ही यह एक बार यह 50,792 रुपए तक चला गया। लेकिन थोी देर बाद ही यह गिर गया और वापस 50,778 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज चांदी भी 165 रुपए बकर 58,443 रुपए हो गई है। चांदी का भाव 58,389 रुपए पर खुला था। एक बार भाव 58,380 रुपए तक चला गया। बाद में इसमें थोा सुधार हुआ और यह 58,443 रुपए पर कारोबार करने लगी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी के भाव आज मंदे हैं। गुरुवार को सोने की कीमत में 101 रुपए की गिरावट आई थी। गुरुवार को सोने की कीमत 101 रुपए गिरकर 51,024 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह पीली धातु 51,125 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमतों में भी गुरुवार को गिरावट आई। यह 334 रुपए कम होकर 58,323 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

अमेरिकी कंपनी बनाएगी बैटरी वाली एयर टैक्सी

नई दिल्ली । एक अमेरिकी कंपनी ने 250 इलेक्ट्रिक एयर टैक्सियां बनाने का ऐलान किया है। इलेक्ट्रिक फ्लाइंग कार बनाने वाली कंपनी आर्चर एविएशन इंक ने कहा कि वह 2024 के आखिर तक एयरक्राफ्ट सर्टिफाइड होने के बाद 2025 में लगभग 250 बैटरी-इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी बनाने और आने वाले वर्षों में उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

कंपनी के सीईओ एडम गोल्डस्टीन ने रॉयटर्स को एक इंटरव्यू में बताया, ÷एयरक्राफ्ट्स को मंजूरी मिलने के बाद हम पहले साल में 250 एयरक्राफ्ट बनाएंगे और दूसरी साल में 500 एयरक्राफ्ट का निर्माण किया जाएगा। तीसरे साल में हम 650 एयरक्राफ्ट का निर्माण करेंगे और फिर हम इसे हर साल लगभग 2,000 एयरक्राफ्ट तक लेकर जाएंगे।÷कंपनी का लक्ष्य 2024 के आखिर तक अपने पायलट प्लस फोर सीटर पैसेंजर एयरक्राफ्ट 'मिडनाइट' को सर्टिफाइड करना है, हालांकि यूएस फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) अभी भी इन भविष्य के विमानों के लिए प्रमाणन नियम तैयार करने की प्रक्रिया में है और इन एयरक्राफ्ट को कब तक मंजूरी मिल सकेगी यह कहना अभी जल्दबाजी होगी। हालांकि, यह सभी कुछ आने वाले निकट भविष्य में संभव है। दूसरी तरफ जेपीएम एनालिस्ट बिल पीटरसन ने कहा कि एयरक्राफ्ट प्रोडक्शन की बात करें तो आर्चर 2025 में सिर्फ 20 यूनिट ही एयर टैक्सी का प्रोडक्शन कर सकती है।

उन्होंने आगे कहा, ÷हम फ्लाइंग कार स्पेस पर निगेटिव नहीं हैं, लेकिन सोचते हैं कि इस सेगमेंट को अभी फलने फूलने में काफी वक्त लगेगा। जैसा कि इन कंपनियों ने एक साल पहले अपने एसपीएसी डेक में अनुमान लगाया था।÷ इस साल अब तक आर्चर के शेयर 54 फीसदी गिर चुके हैं। एक बार मंजूरी मिलने के बाद कैलिफोर्निया बेस्ड स्टार्ट अप का इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग एयरक्राफ्ट भीड़ भरे बाजार में उड़ान भरेगा, जिसमें दर्जनों अन्य डेवलपर्स जैसे जॉबी एविएशन इंक और वर्टिकल एयरोस्पेस लिमिटेड शहरी परिवहन को सुधारने के लिए होड़ में हैं।

फ्लाइंग कार जैसा नया सेगमेंट, जिसका सपोर्ट टोयोटा मोटर कॉर्प और डेल्टा एयर लाइन्स जैसे इंडस्ट्री दिग्गज कंपनियां भी करती हैं, वह अभी वास्तविक हकीकत यानी सर्टिफिकेशन से काफी दूर है। बता दें कि आपने हॉलीवुड की कई फिक्शन फिल्मों में कभी न कभी उड़ती हुई कारों को जरूर देखा होगा। इसमें बड़ी-बड़ी बिल्डिंगों के बीच फ्लाइंग कार आसानी से उड़ती हुई नजर आती हैं। फिल्मों में यह सब देखकर काफी रोमांचित लगता है। हालांकि, अब यह सब कुछ रियल लाइफ में भी जल्द ही सच हो सकता है।

यूपी में पेट्रोल-डीजल महंगा, बिहार में सस्ता

नई दिल्ली । वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में पिछले 24 घंटे के दौरान करीब एक डॉलर का उछाल आया है।सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी पेट्रोल-डीजल के खुदरा रेट में भी बदलाव देखा जा रहा है। शुक्रवार को यूपी में पेट्रोल-डीजल के भाव जहां बढ़ गए हैं, वहीं आज बिहार में सस्ता तेल मिल रहा है। हालांकि, आज भी दिल्ली-मुंबई सहित देश के चारों महानगरों में तेल के दाम नहीं बदले हैं। यूपी के गौतम बुद्ध नगर जिले में पेट्रोल 34 पैसे महंगा होकर 96.92 रुपए और डीजल 33 पैसे बढ़कर 90.08 रुपए प्रति लीटर हो गया है। दूसरी ओर बिहार की राजधनी पटना में पेट्रोल के भाव 108 रुपए से नीचे चले आए हैं। यहां पेट्रोल की कीमत 64 पैसे गिरकर 107.48 रुपए प्रति लीटर हो गई है। डीजल का दाम भी 60 पैसे लुढ़ककर 94.26 रुपए प्रति लीटर पहुंच गया है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड करीब एक डॉलर बढ़कर 96.65 डॉलर प्रति बैरल के भाव पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई में भी 0.50 डॉलर की बढ़त दिख रही है और यह 88.59 डॉलर प्रति बैरल है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर है।

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए इस प्रकार करें तैयारी

प्रतिस्पर्धा के इस दौर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते समय कई बातों का ध्यान रखना जरुरी होता है। अगर आप इन बातों का ध्यान रखेंगे तो सफलता मिलने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। प्रतियोगी परीक्षाएं चाहे वे एसएससी की हों, रेलवे की, सिविल सर्विसेस की या फिर बैकिंग की, परीक्षा भवन में ही आपको यह निर्णय लेना होता है कि कौन-सा सवाल छोड़ कर आगे बढ़ना है और किसे हल करना।

कैसे पहचानें

मान लें कि आप गणित के सवालों को हल कर रहे हैं। आपके सामने कोई आराम से बनने वाला सवाल है लेकिन उसमें कैलकुलेशन काफी करना होगा। यानी वह टाइम ज्यादा लगाएगा। आपने पहले अभ्यास तो किया होगा। ऐसे में आपको यह अंदाजा लग जाएगा कि यह सवाल बन तो जाएगा लेकिन काफी वक्त लगा देगा। जब भी ऐसी स्थिति बने आपको सवाल छोड़कर आगे बढ़ जाना चाहिए। सभी सवालों पर निगाह डालने के बाद आखिर जब आपके पास वक्त हो, आप आखिर में उस सवाल को हल करने की कोशिश करें।

कब बनाएं ज्यादा वक्त लगने वाले सवाल

परीक्षा भवन में कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि आपको 10 सवाल ऐसे लग जाएं कि वे वक्त ज्यादा लगा सकते हैं। इसका सीधा सा मतलब है कि आपने अभ्यास सही ढंग से नहीं किया और कम समय में हल करने का ट्रिक भी आप भूल गए हैं। ऐसे में आप उन सवालों को हल करने की कोशिश कर सकते हैं।

कैसे करें तैयारी

ज्यादातर विशेषज्ञों का कहना है कि सेट प्रैक्टिस से बेहतर कोई दूसरा विकल्प नहीं हो सकता। जानकार कहते हैं कि छात्रों के लिए यह जरूरी है कि वह सेट प्रैक्टिस करें। खासकर पिछले सालों में पूछे हुए प्रश्नों को जरूर बनाएं। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आपका कॉन्सेप्ट जरूर क्लियर हो।

स्पीड जरूरी

बैंकिंग परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए सबसे अधिक जरूरी है कि आपकी गति बेहतर हो। इसके लिए यह जरूरी है कि आप अगर सेट प्रैक्टिस में 2 घंटा लगाते हैं तो सॉल्यूशन देखने में 4 घंटा लगाएं। ताकि अपनी कमियों को दूर करें। ट्रिक्स और शॉर्ट कट्स पर जरूर फोकस करें। उन्हें याद करने की कोशिश करें। साथ ही सवालों के पैटर्न को भी जरूर देखें।

कोचिंग कितना फायदेमंद

बैंकिंग की तैयारी के लिए कोचिंग फायदेमंद जरूर होता है, पर इसके लिए यह जरूरी है कि आपकी खुद की तैयारी अच्छी हो। ताकि जब कोचिंग में जाएं तो फायदा हो। अपनी तैयारी नहीं होने से क्लासरूम में आप कई बातों को समझ नहीं पाएंगे और कोचिंग की गति से चल नहीं पाएंगे। आपका वक्त और पैसा दोनों जाया जा सकता है। वैसे यह ध्यान रहे कि कई बच्चे बगैर कोचिंग के भी रिजल्ट देते हैं।

ऑनलाइन सेट प्रैक्टिस

आजकल बैंकिंग समेत कई परीक्षाओं के टेस्ट ऑनलाइन हो गए हैं, इसलिए कंप्यूटर पर सही ढंग से सेट बनाना, खासकर ऑनलाइन सेट प्रैक्टिस आपको एग्जामिनेशन हॉल में सुरक्षित करता है, आपमें विश्वास भी जगता है कि आप इसे क्वालिफाई कर सकते हैं। वैसे तो कई ऑनलाइन वेबसाइट्स हैं जो बैंक पीओ की तैयारी करवा रहें हैं।

एग्जाम हॉल में प्रदर्शन सुधारें

पूरे सालभर की परीक्षा का निर्धारण बस दो घंटा में हो जाता है। यानी उन एक या 2 घंटों में जिसने अपना बेस्ट दिया वह इंटरव्यू और जीडी के रूम तक पहुंच जाता है पर इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। परीक्षा हॉल में पहले उस सेक्शन को बनाएं जिसमें कम वक्त लगता हो और गलती होने की गुंजाइश कम से कम रहती है। जीएस, कंप्यूटर ऐसे ही सेक्शन हैं। इसके बाद ही इंग्लिश, मैथ्स, रीजनिंग आदि को हल करना चाहिए। सवाल बनाते समय आपको को यह पता होना चाहिए कि किस सवाल में कितना वक्त लगेगा क्योंकि दिए हुए समय में ही आपको सभी सवालों के जवाब देने हैं पर यह भी सच है कि शायद ही कोई स्टूडेंट हो जिसने सभी क्वेश्चन को सॉल्व किया हो। इसलिए आपके लिए क्वेश्चन सॉल्व करना जितना अहम है, उतना ही जरूरी टाइम टेकिंग क्वेश्चन को छोड़ना। तभी आप कम समय में अधिक सवाल बना पाएंगे।

बुक्स

वैसे तो मार्केट में कई पुस्तकें तैयारी के लिए उपलब्ध हैं, कोचिंग के प्रैक्टिस सेट्स भी हैं। पर आपके लिए सबसे अहम है पिछले सालों के प्रैक्टिस सेट को बनाना। साथ ही कुछ बेसिक और ट्रिकी सवालों के बुक भी जरूर पढ़ें।

12 वीं के बाद करें ये पाठयक्रम

अगर आप प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल नहीं हुए हैं तो भी 12 वीं के बाद भी आपके पास कैरियर बनाने के कई अवसर उपलब्ध हैं। कई बार छात्रों को समझ नहीं आता कि 12वीं के बाद किस प्रकार वह रोजगार हासिल कर सकते हैं। 12 के बाद भी कई ऐसे पाठयक्रम हैं जिसमें 12 पास दाखिला लेकर अच्छे पैसे कमा सकते हैं।

टूरिज्म कोर्स

अगर आपको घूमना पसंद है तो आप यह कोर्स कर सकते हैं जिसे करने के बाद आपको पैसे कमाने के साथ साथ घूमने का भी मौका मिलेगा। 12वीं के बाद होने वाले टूरिज्म कोर्स करने के बाद अच्छे पैसे कमा सकते हैं। देश में कई कॉलेज यह कोर्स करवा रही है और इसकी फीस भी कई प्रोफेशन कोर्स के मुकाबले कम है।

इंजीनियरिंग डिप्लोमा कोर्सेस

अगर आपका सपना बचपन से ही इंजीनियर बनने का रहा है और आप कॉलेज में एडमिशन नहीं ले पा रहे हैं तो आप इंजीनियरिंग का डिप्लोमा भी कर सकते हैं। 12वीं के बाद आप पॉलिटेक्नीक डिप्लोमा करके इंजीनियरिंग की फील्ड में अच्छा पैसा कमा सकते हैं। कंपनियां भी कुशल डिप्लोमाधारियों को हायर करने में ज्यादा रूचि दिखाती हैं। इसी के साथ इस कोर्स के बाद आप कई सरकारी नौकरियों के भी काबिल हो जाते है।

होटल मैनेजमेंट

12वीं के बाद होटल मैनेजमेंट कोर्स भी अच्छा विकल्प है और आजकल युवाओं में यह काफी लोकप्रिय भी हो रहा है। 12वीं के बाद इस कोर्स को करके आप देश और विदेशों के होटलों में नौकरी कर सकते हैं और अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

एनिमेशन एंड मल्टीमीडिया

12 वीं के बाद एनिमेशन और मल्टीमीडिया में कोर्स करके आप आप काम सीख सकते हैं। जिससे आप हजारों ही नहीं लाखों रुपये काम सकते हैं। अगर आप यह कोर्स कर लेते हैं और आप क्रिएटिव हैं तो बहुत पैसा कमा सकते हैं।

अन्य कोर्स

इन कोर्स के अलावा आप कम्प्यूटर के कई कोर्स, अकाउंटिंग कोर्स, इंटीनियर डिजाइनिंग, कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग, जिम इंस्ट्रक्टर, फूड मैनेजमेंट आदि कोर्स भी किए जा सकते हैं। इनमें दक्ष होने पर आप आसानी से करियर बना सकते हैं।

मछली पालन में है रोजगार की संभावनाएं

देश में मछली पालन में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन की रिपोर्ट का मानना है कि साल 2030 तक भारत में मछली की खपत चार गुणा बढ़ जाएगी। यही वजह है कि देश में मछली पालन का कारोबार भी तेजी से बढ़ रहा है। सरकार भी मछली पालन को बड़ी प्रमुखता दे रही है। केन्द्र सरकार ने राज्य सरकारों के साथ मिलकर एक स्कीम चला रही है, जिसके तहत मछली पालन का व्यवसाय करने वालों को सरकार लगभग 75 फीसदी वित्तीय समर्थन करती है। दरअसल, केन्द्र सरकार ने फार्मर्स की इनकम दोगुनी करने की घोषणा की है। यह स्कीम उसी घोषणा का हिस्सा है। सरकार का दावा है कि काफी कम जगह और कम पानी में मछली पालन की तकनीक अपनाने पर अच्छी खासी आय हो सकती है।

क्या है यह तकनीक: इस तकनीक को रिसर्कुलर एक्वाकल्चर सिस्टम (आरएएस) कहा जाता है। जिसमें पानी का बहाव बना रहता है और पानी के आने-जाने की व्यवस्था की जाती है। इसमें कम जगह और कम पानी लगता है। जैसे कि अगर साधारण मछली पालन किया जाता है तो एक

एकड़ तालाब में सिर्फ 15 से 20 हजार ही पंगेशियस मछली पाली जा सकती हैं, जबकि एक एकड़ में करीब 60 लाख लीटर पानी होता है। अगर तालाब में 20 हजार मछली डाली हैं तो एक मछली को 300 लीटर पानी में रखा जाता है। जबकि इस सिस्टम के जरिए एक हजार लीटर पानी में 110-120 मछली डालते है। इस हिसाब से एक मछली को केवल नौ लीटर पानी में रखा जाता है। इस सिस्टम में एक हेक्टेयर में 8 से 10 टन मछली पाली जा सकती है।

पांच लाख की लागत: अगर आप आरएएस तकनीक के अनुसार मछली पालन करना चाहते हैं तो आपको सिर्फ 5 लाख रुपए का इंतजाम करना होगा। इस राशि से आप लगभग 20 हजार किलोग्राम वजन की मछलियां पाल सकते हैं। नेशनल फिशरी डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा तैयार की गई प्रोजेक्ट रिपोर्ट के मुताबिक, आप 20 हजार किग्रा कैपेसिटी वाले तालाब बनाते हैं तो आपके प्रोजेक्ट की कीमत 20 लाख रुपए आएगी। इसमें कैपिटल कीमत 9 लाख 64 हजार रुपए और ऑपरेशनल कीमत 10 लाख 36 हजार रुपए होगी।

सरकार कितना करेगी सहयोग: 20 लाख रुपए के प्रोजेक्ट में से आपको केवल 5 लाख रुपए का इंतजाम करना होगा। बाकी 7 लाख 50 हजार रुपए केंद्र सरकार और 3 लाख 75 हजार रुपए राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी के तौर पर दिया जाएगा। इसके अलावा सरकार 3 लाख 75 हजार रुपए का बैंक लोन भी दिलाएगी।

संभावित आय : आप 20 हजार किलोग्राम मछली पालते हैं तो इन मछली से आपकी कुल आय लगभग 15 लाख रुपए होगी और इसमें नेट इनकम 4 लाख 64 हजार रुपए हो सकती है।

ऐसे होंगे सफल

हर इंसान अपनी जिंदगी में सफल होना होना चाहता है। सफलता पाने के लिए हर व्यक्ति जी तोड़ मेहनत करता है और अपनी मेहनत से ही सफलता पा भी लेते है। अपने करियर को जिंदगी में सफता पाने के लिए सही दिशा में कदम आपको ही उठाने पड़ते है। अपनी जिंदगी को सही तरीके से चलाने के सारी चीजें आप खुद ही योजना बनाते हैं। इसलिए अपने करियर के चुनाव और करियर में आगे बढ़ने के लिए आपको स्वयं को जानने की जरुरत है ताकि आप अपनी कमियों को पहचान कर उनको दूर कर सकते है।

बहाने न बनायें

अगर आप वास्तव में अपने काम को लेकर गंभीर हैं तो बहाने न बनायें। जब लोग अपना काम समय पर और सही तरीके से नहीं कर पाते तो वे दूसरों को दोष देने लगते हैं। यह बहाने सिर्फ आपके काम को ही नहीं, बल्कि आपके कॅरियर ग्राफ को भी प्रभावित करते हैं। साथ ही कुछ लोग अपने काम को दूसरों पर टालने के लिए इन बहानों का सहारा लेने लगते हैं। बाद में यह उनकी आदत में शामिल हो जाता है और वे कभी भी सफलता नहीं हासिल कर पाते।

आत्मविश्वास रखें

किसी भी काम में सफलता प्राप्त करने के लिए सबसे पहले आपको आप पर भरोसा होना चाहिये। जब आप स्वयं ही खुद पर भरोसा नहीं करेंगे तो फिर दूसरे आप पर भरोसा कैसे कर सकते हैं। अगर आपको लगता है कि आप यह काम नहीं कर पाएंगे तो अपने से कहें कि मैं यह कर सकता हूं और दूसरों से बेहतर कर सकता हूं। ऐसा करने से आपके भीतर आत्मविश्वास पैदा होगा। आत्मविश्वास ही वह गुण है जिससे आपकी क्षमताओं में भी इजाफा होता है।

फैशन कम्युनिकेशन क्षेत्र में हैं संभावनाएं

तेजी से बदलते फैशन के इस दौर में फैशन कम्युनिकेशन के क्षेत्र में भी अच्छी संभावनाएं हैं। एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट का काम अपने क्लाइंट या कंपनी की एक बेहतरीन छवि बनाता है। साथ ही वह अपने क्लाइंट के उत्पाद को टार्गेट कस्टमर्स तक सर्वोत्तम तरीके से पहुंचाता है। इतना ही नहीं, वह ब्रांड के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार के तरीकों पर भी नजर रखता है।

जब भी फैशन इंडस्ट्री की बात होती है तो लोग फैशन डिजाइनर या मॉडल बनने की ही चाहत रखते हैं। लेकिन यह एक ऐसी इंडस्ट्री है, जिसमें पिछले काफी सालों में बदलाव आया है और इसी कारण अब इस क्षेत्र में करियर की नई संभावनाओं ने जन्म दिया है। फैशन इंडस्ट्री में एक ऐसा ही करियर है फैशन कम्युनिकेशन है। यह तेजी से उभरता क्षेत्र है और अब युवाओं का आकर्षण इस ओर बढ़ने लगा है।

संभावनाएं

फैशन कम्युनिकेशन का कोर्स करने के बाद आप फैशन डिजाइनर, ग्राफिक डिजाइनर, फैशन पत्रकार, प्रोफेसर, डिजाइन सहायक, फैशन सहायक, फैशन मार्केटिंग मैनेजर, फैशन एडिटर, फैशन फोटोग्राफर, कला निर्देशन आदि भूमिकाएं अदा कर सकते हैं। इस कोर्स को करने के बाद कई इंडियन व इंटरनेशनल ब्रांड के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।

योग्यात

इसके लिए डिप्लोमा या बैचलर डिग्री की जरुरत रहती है। इसके बाद आप फैशन कम्युनिकेशन में ही मास्टर और डॉक्टरेट भी कर सकते हैं।

आमदनी

इस क्षेत्र में आमदनी आपके काम पर निर्भर करती है और अनुभव के साथ आमदनी भी बढ़ती है। वैसे शुरूआती दौर में आप सालाना 2 से 3 लाख रूपए आसानी से कमा सकते हैं।

क्या होता है काम

एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट को कई काम करने होते हैं। वह अपने क्लाइंट या कंपनी की एक बेहतरीन छवि बनाता है। साथ ही वह अपने क्लाइंट के उत्पाद को टार्गेट कस्टमर्स तक सर्वोत्तम तरीके से पहुंचाता है। इतना ही नहीं, वह ब्रांड के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार के तरीकों पर भी नजर रखता है। अपने क्लाइंट व बिजनेस हाउस की तरफ से मीडिया के साथ कम्युनिकेट व डील करते हैं। एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट डिजाइन लेआउट, वेब पेज और मल्टीमीडिया डिजाइन डेवलप करता है।

स्किल्स

इस क्षेत्र में आपकी मार्केटिंग स्टेटजी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही आपमें कम्युनिकेशन व नेटवर्किंग स्किल्स भी बेहतरीन होने चाहिए, इसके बिना आपको अपने क्षेत्र में कठिन संघर्ष करना पड़ सकता है। वहीं इस क्षेत्र में डेडलाइन पर काम करना होता है, इसलिए आपको कई-कई घंटे लगातार काम करना पड़ता है। इसलिए अगर आपमें धैर्य व कठिन परिश्रम करने की क्षमता नहीं है तो आप इस क्षेत्र में नहीं टिक पाएंगे। इसके अतिरिक्त आपकी मौखिक व लिखित दोनों ही रूपों में अलग-अलग भाषा पर पकड़ अच्छी होनी चाहिए।

प्रमुख संस्थान

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, विभिन्न केन्द्र
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, गुजरात
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे
- इंस्टीट्यूट ऑफ अपैरल मैनेजमेंट, गुरूग्राम
- जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, नई दिल्ली।

तोड़ो कुचक्र की जंजीर ?

आसमां से इस जमी तक,
धरा के रसातल से
ब्रम्हांड के शिखर तक,
जिसका आभास हमको हो रहा है,
क्या वह ईश्वर अभी तक सो रहा है ?
फिर क्यों यह मिथक फैला है
कि कौई देवता सो रहा है ?
इस चराचर जगत की,
सारी दृष्टिगोचर गतिविधियां,
संसार की अष्ट दस निधियां,
जिसके लिए छण भंगुर
जैसी तुच्छ और मालिन्य हैं,
वह हमारे जगत का पालनहार,
क्या गहन सागर में शयन कर रहा है ?
फिर क्यों यह मिथक है कि
हमारा कौई देवता सो रहा है ?
उठो देव,संसार में हाहाकार मच रहा है ,
मानव अपने विध्वंस के,
सारे उपकरण कर रहा है ,
महादानव चिघाड़ रह है,
धरा को ध्वंस करने,
और हमारा ब्रम्हांड नायक,
मोह निशा में शयन कर रहा है ?
फिर क्यों यह मिथक है
कि हमारा कौई देवता सो रहा है ?
हम सनातन धर्म के अनुयायी हैं ,
तो टोड़ो यह पोंगा पंडिताई ,
काट दो आडंबर की यह सड़ी हुई
मिथक पूर्ण जंजीरों को ,
और देवताओं को अपने
रग रग में निरंतर अनुभूत करो ,
धर्म पर विश्वास करो और
अंधे कुचक्र को तोड़ते रहो 7

***

रचनाकार –
दिलीप मिश्रा,
ग्वालियर, म. प्र.

अटूट आस्था पूर्ण सम्पूर्ण. व श्रद्धा का महापर्व है छठ

विनोद तकियावाला

वैश्विक महामारी कोरोना काल के दो वर्ष बाद सार्वजनिक रूप से अटूट आस्था व पूर्ण समर्पण का . महा पर्व छठ मानया जायेगा। इस वर्ष छठ पर्व 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2022 तक मनाया जाएगा। दीवाली के चौथे दिन से शुरु होकर सातवें दिन तक कुल 4 दिनों तक मनाया जाता है।इसमें पहले दिन यानी चतुर्थी को घरबार साफ सुथरा करके स्नान करने के बाद खाना में चावल तथा चने दाल तथा लौकी का सादा सब्जी बनाया जाता है फिर खाया जाता है जिसे (नहा के खाना) नहा खाये कहते है।अगले दिन संध्या में पंचमी के दिन खरना यानी के गुड़ में चावल का खीर बनाया जाता है।उपले और आम के लकड़ी से मिट्टी के चूल्हें पर फिर सादे रोटी और केला के साथ मां को याद करते हुए अग्रासन निकालने के बाद धूप हुमाद के साथ पूजा के बाद पहले व्रती खाती है फिर घर के अन्य सदस्य खाते हैं।इसी के साथ मां का आगमन हो जाता है। तत्पश्चात षष्टी के दिन घर में पवित्रता एवं शुद्धता के साथ उत्तम पकवान बनाये जाते हैं। संध्या के समय पकवानों को बांस के डालों तथा टोकरीयों में भरकर नदी, तालाब,सरोवर आदि के किनारे ले जाया जाता है।जिसे छठ घाट कहा जाता है।फिर व्रत करने वाले भक्त उन डालों को उठाकर डूबते सूर्य (परसुता) एवं षष्टी माता को अर्घ्य देते हैं।ताकि जाते हुए माता सभी दुख दर्द लेती जाये और फिर सूर्यास्त के पश्चात लोग अपने-अपने घर आ जाते हैं।

छठ व्रत के दौरान रात भर जागरण किया जाता है और सप्तमी के दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में पुनः संध्या काल की तरह डालों में पकवान, नारियल,केला, मिठाई भर कर नदी तट(घाट)पर लोग जमा होते हैं।व्रत करने वाले सभी व्रतधारी सुबह के समय उगते सूर्य(उषा))को आर्घ्य देते हैं ताकि जीवन में नई उर्जा के संचार हो। इसमें अंकुरित चना हाथ में लेकर षष्ठीव्रत की कथा कही और सुनी जाती है।कथा के बाद छठ घाट पर प्रसाद वितरण किया जाता है और फिर सभी अपने-अपने घर लौट आते हैं। तथा व्रत करने वाले इस दिन पारण करते हैं। यह क्रम खरना के दिन से व्रती लगातार 36 घंटे निर्जल एवं निराहर रहते हुए व्रत करती है। इसलिए इसे कठिनतम व्रत कहा गया है।

कार्तिक मास में षष्ठी तिथि को मनाए जाने वाले छठ व्रत की शुरुआत रामायण काल से हुई थी।लोक मान्यताओं के अनुसार इस व्रत को त्रेतायुग में माता सीता ने तथा द्वापर युग में पांडु की पत्नी कुन्ती ने की थी जिससे कर्ण के रुप में संतान पाई थी। पांडव की पत्नी द्रौपदी ने भी इस व्रत को किया था।हिन्दू शास्त्रों के अनुसार भगवान सूर्य एक मात्र प्रत्यक्ष देवता हैं।वास्तव में इनकी रोशनी से ही प्रकृति में जीवन चक्र चलता है।इनकी किरणों से धरती में फल,फूल,अनाज उत्पन्न होता है । सूर्य षष्ठी या छठ व्रत भी इन्हीं भगवान सूर्य को समर्पित है।इस महापर्व में सूर्य नारायण के साथ देवी षष्ठी की पूजा भी होती है। छठ पूजन कथानुसार छठ देवी भगवान सूर्यदेव की बहन हैं और उन्हीं को प्रसन्न करने के लिए भक्तगण भगवान सूर्य की आराधना तथा उनका धन्यवाद करते हुए मां गंगा-यमुना या किसी अन्य नदी या जल स्त्रोत के किनारे इस पूजा को मनाते हैं। इस व्रत को करने से संतान की प्राप्ति होती है तथा इस व्रत को करने वाले सभी प्राणियों की मनोकामना पूर्ण होती है।

यह पर्व कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाई जाती है। और यह भगवान सूर्य को समर्पित है।बिहार और पूर्वांचल के निवासी आज जहां भी हैं वे सूर्य भगवान को अर्ग देने की परंपरा को आज भी कायम रखे हुए हैं।यही कारण है कि आज यह पर्व बिहार और पूर्वांचल की सीमा से निकलकर देश विदेश में मनाया जाने लगा है।चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व बड़ा ही कठिन है।इसमें शरीर और मन को पूरी तरह साधना पड़ता है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान राम सूर्यवंशी थे और उनके कुल देवता सूर्यदेव थे। इसलिए भगवान राम जब लंका से रावण वध करके अयोध्या वापस लौटे तो अपने कुलदेवता का आशीर्वाद पाने के लिए उन्होंने देवी सीता

के साथ षष्ठी तिथि का व्रत रखा और सरयू नदी में डूबते सूर्य को फल, मिष्ठन एवं अन्य वस्तुओं से अर्घ्य प्रदान किया। सप्तमी तिथि को भगवान राम ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर सूर्य देव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद राजकाज संभालना शुरु किया। इसके बाद से आम जन भी सूर्यषष्ठी का पर्व मनाने लगे ।

एक अन्य कथा के अनुसार एक राजा प्रियव्रत थे उनकी पत्नी थी मालिनी,राजा रानी निःसंतान होने से बहुत दुःखी थे। उन्होंने महर्षि कश्यप से पुत्रेष्ठि यज्ञ करवाया। यज्ञ के प्रभाव से मालिनी गर्भवती हुई परंतु नौ महीने बाद जब उन्होंने बालक को जन्म दिया तो वह मृत पैदा हुआ।प्रियव्रत इस से अत्यंत दुःखी हुए और आत्म हत्या करने हेतु तत्पर हुए।प्रियव्रत जैसे ही आत्महत्या करने वाले थे उसी समय एक देवी वहां प्रकट हुईं।देवी ने कहा प्रियव्रत मैं षष्टी देवी हूं।मेरी पूजा आराधना से पुत्र की प्राप्ति होती है, मैं सभी प्रकार की मनोकामना पूर्ण करने वाली हूं।अतः तुम मेरी पूजा करो तुम्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति होगी। राजा ने देवी की आज्ञा मान कर कार्तिक शुक्ल षष्ठी तिथि को देवी षष्ठी की पूजा की जिससे उन्हें पुत्र की प्राप्ति हुई । और उसी दिन से छठ व्रत का अनुष्ठान चला आ रहा है। इस त्यौहार को बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश एवं भारत के पड़ोसी देश नेपाल में हर्षोल्लास एवं नियम निष्ठा के साथ मनाया जाता है। इस त्यौहार की यहां बड़ी मान्यता है। इस महापर्व में देवी षष्ठी माता एवं भगवान सूर्य को प्रसन्न करने के लिए स्त्री और पुरूष दोनों ही व्रत रखते हैं।व्रत चार दिनों का होता है पहले दिन यानी चतुर्थी को आत्म शुद्धि हेतु व्रत करने वाले केवल अरवा खाते हैं।तत्पश्चात षष्टी के दिन घर में पवित्रता एवं शुद्धता के साथ उत्तम पकवान बनाये जाते हैं।

कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष में दीवाली के चौथे दिन से शुरु होकर सातवें दिन तक कुल 4 दिनों तक मानाया जाता है। इसमें पहले दिन यानी चतुर्थी को घरबार साफ सुथरा करके स्नान करने के बाद खाना में चावल तथा चने दाल तथा लौकी का सादा सब्जी बनाया जाता है फिर खाया जाता है जिसे(नहा के खाना)नहा खाये कहते है।अगले दिन संध्या में पंचमी के दिन खरना यानी के गुड़ में चावल का खीर बनाया जाता है।उपले और आम के लकड़ी से मिट्टी के चूल्हें पर फिर सादे रोटी और केला के साथ मां को याद करते हुए अग्रासन निकालने के बाद धूप हुमाद के साथ पूजा के बाद पहले व्रती खाती है फिर घर के अन्य सदस्य खाते हैं। इसी के साथ मां का आगमन हो जाता है। तत्पश्चात षष्टी के दिन घर में पवित्रता एवं शुद्धता के साथ उत्तम पकवान बनाये जाते हैं। संध्या के समय पकवानों को बांस के डालों तथा टोकरीयों में भरकर नदी, तालाब, सरोवर आदि के किनारे ले जाया जाता है।जिसे छठ घाट कहा जाता है। फिर व्रत करने वाले भक्त उन डालों को उठाकर डूबते सूर्य (परसुता) एवं षष्टी माता को आर्घ्य देते हैं।ताकि जाते हुए माता सभी दुख दर्द लेती जाये और फिर सूर्यास्त के पश्चात लोग अपने-अपने घर आ जाते हैं।

छठ व्रत के दौरान रात भर जागरण किया जाता है और सप्तमी के दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में पुनः संध्या काल की तरह डालों में पकवान,नारियल,केला,मिठाई भर कर नदी तटय (घाट) पर लोग जमा होते हैं।व्रत करने वाले सभी व्रतधारी सुबह के समय उगते सूर्य (उषा)) को आर्घ्य देते हैं ताकि जीवन में नई उर्जा के संचार हो। इसमें अंकुरित चना हाथ में लेकर षष्ठीव्रत की कथा कही और सुनी जाती है।

सुखी रहना है तो ईश्वर से शिकायत न करें

इंसानों की एक सामान्य आदत है कि तकलीफ में वह भगवान को याद करता है और शिकायत भी करता है कि यह दिन उसे क्यूं देखने पड़ रहे हैं। अपने बुरे दिन के लिए इंसान सबसे ज्यादा भगवान को कोसता है। जब भगवान को कोसने के बाद भी समस्या से जल्दी राहत नहीं मिलती है तो सबसे ज्यादा तकलीफ होती है। इसका कारण यह है कि उसे लगता है कि जो उसकी मदद कर सकता है वही कान में रूई डालकर बैठा है। इसलिए महापुरूषों का कहना है कि दुख के समय भगवान को कोसने की बजाय उसका धन्यवाद करना चाहिए। इससे आप खुद को अंदर से मजबूत पाएंगे और समस्याओं से निकलने का रास्ता आप स्वयं ढूंढ लेंगे। भगवान किसी को परेशानी में नहीं डालते और न ही वह किसी को परेशानी से निकाल सकते हैं। भगवान भी अपने कर्तव्य से बंधे हुए हैं। भगवान सिर्फ एक जरिया हैं जो रास्ता दिखाते हैं चलना किधर है यह व्यक्ति को खुद ही तय करना होता है। भगवान श्री कृष्ण ने गीता में इस बात को खुद स्पष्ट किया है। आधुनिक युग के महान संत रामकृष्ण का नाम आपने जरूर सुना होगा। ऐसा माना जाता है कि मां काली उन्हें साक्षात दर्शन देती थी और नन्हें बालक की तरह रामकृष्ण को दुलार करती थीं। ऐसे भक्त की मृत्यु कैंसर के कारण हुई। मृत्यु के समय इन्हें बहुत की कष्ट का सामना करना पड़ा। रामकृष्ण चाहते तो मां काली से कह कर रोग से मुक्त हो सकते थे। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और पूर्व जन्म के संचित कर्मों को नष्ट करने के लिए दुःख सहते रहे और अंततः परम गति को प्राप्त हुए। ओशो का मत है कि भक्त भगवान की पीड़ा में जितना जलता है, उतना ही भगवान के करीब होने लगता है। एक दिन वह घड़ी आती है जब भक्त भगवान में विलीन हो जाता है।

नए जिलों के गठन में उलझी गहलोत सरकार

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान में शीघ्र ही कुछ और नए जिलों का गठन करने की बात कह कर एक नई चर्चा छेड़ दी है। इसके बाद बहुत बड़ी संख्या में नए जिलों के गठन की मांग होने लगी है। पूर्व आईएएस अधिकारी राम लुभाया के नेतृत्व में एक हाई पावर कमेटी का गठन किया गया है। जिसको प्रदेश में भौगोलिक दृष्टि से नए जिलों के गठन के बारे में सरकार को सुझाव देना है। इस हाई पावर कमेटी का कार्यकाल 21 मार्च 2023 तक निश्चित किया गया है। अगले साल प्रदेश में विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चाहते हैं कि चुनाव से पूर्व कमेटी अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपे। ताकि समय रहते सरकार नए जिलों के गठन की कवायद पूरी कर सके और चुनाव से पहले नए जिले काम करने लगे। राजस्थान में अभी 33 जिले हैं। जबकि क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान देश का सबसे बड़ा प्रांत है। राजस्थान का क्षेत्रफल 3 लाख 42 हजार 236 वर्ग किलोमीटर है। जो जर्मनी जैसे देश से भी बड़ा है। क्षेत्रफल में राजस्थान से छोटे मध्य प्रदेश में 55 जिले हैं। जबकि अरुणाचल प्रदेश जैसे छोटे से राज्य में ही जिलों की संख्या 25 हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में 28 जिले हैं।

26 जनवरी 2008 में प्रतापगढ़ को राजस्थान का 33 वां जिला बनाया गया था। उसके बाद पिछले 14 वर्षों में प्रदेश में नए जिले के गठन की मांग लगातार उठती रही है। 2014 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने भी सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी परमेश चंद्र की अध्यक्षता में एक हाई पावर कमेटी का गठन किया था। उस कमेटी ने प्रदेश में नए जिले बनाने संबंधी अपनी रिपोर्ट सरकार को दे दी थी। लेकिन सरकार ने तब कोई नया जिला नहीं बनाया था। 1 नवम्बर 1956 को राजस्थान के गठन के वक्त प्रदेश में 26 जिले थे। फिर 15 अप्रैल 1982 को प्रदेश में धोलपुर को 27 वां जिला बनाया गया था। 10 अप्रैल 1991 को एक साथ तीन नये जिले बारां, दौसा व राजसमंद बनाये गये थे। 12 जुलाई 1994 में



हनुमानगढ़, 19 जुलाई 1997 में करौली, 26 जनवरी 2008 को प्रतापगढ़ जिला बना था। नए जिलों के गठन के लिए बनाई गई हाई पावर कमेटी के अध्यक्ष राम लुभाया का कहना है कि किन शहरों को नया जिला बनाया जा सकता है इसके लिए विस्तृत अध्ययन चल रहा है। हम अलग-अलग क्षेत्र के विशेषज्ञों से भी सलाह मशविरा कर रहे हैं। आने वाले समय में जल्दी ही हम रिपोर्ट मुख्यमंत्री गहलोत को सौंप देंगे। उसके बाद सरकार अपने स्तर पर निर्णय लेगी कि कहां-कहां नए जिले बनाए जाने उचित है। राजस्थान में नए जिलों के गठन के लिए जैसे ही हाई पावर कमेटी बनाई गई उसके बाद प्रदेश में करीबन 60 स्थानों से नए जिले बनाने की मांग होने लगी है। कई स्थानों पर तो नए जिलों के गठन को लेकर कांग्रेस पार्टी के ही मंत्री, विधायक आपस में एक दूसरे से तकरार करने लगे हैं। बाड़मेर जिले के कांग्रेसी विधायक मदन प्रजापत ने करीबन डेढ़ वर्ष पहले अपने विधानसभा क्षेत्र बालोतरा को जिला बनाने की मांग को लेकर विधानसभा में ही सौगंध ली थी कि जब तक बालोतरा जिला नहीं बन जाएगा वे जूते नहीं पहनेंगे। बालोतरा अभी तक जिला नहीं बन पाया है। इसलिए विधायक मदन प्रजापत को बिना जूता चप्पल पहने ही घूमना पड़ता है। आगे यदि बालोतरा जिला नहीं बन पाता है तो बेचारे मदन प्रजापत को तो हमेशा नंगे पैर ही घूमना पड़ सकता है। सीकर जिले के नीमकाथाना को जिला बनाने के लिए कांग्रेस विधायक सुरेश मोदी अपना पूरा दमखम लगाए हुए हैं। वही नीमकाथाना में झुंझुनू जिले के उदयपुरवाटी व खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र को शामिल करने के प्रस्ताव पर उदयपुरवाटी के विधायक व सैनिक कल्याण राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा की सुरेश मोदी से तकरार हो रही है। गुढ़ा का कहना है कि नीमकाथाना जिला बनने की शर्तें पूरी नहीं करता है। यदि नीमकाथाना जिला बनता है तो उससे पहले मैं उदयपुरवाटी को जिला बनवा दूंगा। इसी तरह मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार व पूर्व मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने भी खेतड़ी क्षेत्र को प्रस्तावित नीमकाथाना जिला में शामिल करने का विरोध किया है।

लोकतंत्र भाजपा की थाली का भोजन नहीं?

भूपेन्द्र गुप्ता

कांग्रेस पार्टी ने अंततः संगठन के चुनाव करवा ही लिए और मलिकार्जुन खड़गे राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिए गए हैं।इस बहाने गैर गांधी के नारे और वंशवाद का दुष्प्रचार भाजपा के हाथ से छिन गया है।वे इसे अभी तक तुरुप के पत्ते की तरह उपयोग करते थे।कांग्रेस ने भाजपा के सामने अब नया नेरेटिव गढ़ने की चुनौती रख दी है। वर्ष 1980 में जनता पार्टी को तोड़कर बनी भाजपा में चुनाव की कभी परंपरा नहीं रही।वे हमेशा एक %चालक अनुवर्तते के सिद्धांत पर एक व्यक्ति के पीछे आंख बंदकर चलने के आदी रहे हैं।भाजपा के प्रसव काल में ही लोकनायक जयप्रकाश नारायण से धोखा करने और दोहरी सदस्यता के नाम पर पार्टी तोड़ने का दाग उस पर लग चुका था। इस नकारात्मक छवि से बाहर निकलने के लिये भाजपा ने पार्टी विद डिफरेंस का नारा दिया और वर्ष 2000 में पार्टी चुनाव की घोषणा कर दी।चुनाव के हालातों और परिणामों ने भाजपा का चैन लूट लिया ।उन्हें समझ में आ गया कि लोकतंत्र उनकी थाली का भोजन नहीं है। इन चुनावों में राजस्थान में बनवारी लाल शर्मा अध्यक्ष बने लेकिन भैरों सिंह शेखावत और रामदास अग्रवाल में जमकर संघर्ष हुआ। भैरोसिंह शेखावत को खुली चुनौती का सामना राजस्थान में करना पड़ेगा यह कल्पनातीत था।पार्टी में आंतरिक संघर्ष शुरू हो गया था ।बंगाल में केंद्रीय नेतृत्व द्वारा थोपे गए असीम घोष के चक्कर में तपन सिकदर ने त्यागपत्र दे दिया था। असीम घोष को

पारस दत्ता की जगह स्थापित करने की कीमत पार्टी को चुकानी पड़ी। कर्नाटक में बासवराज पाटिल को लाने में कुमार, धनंजय और अनंत के बीच भीषण युद्ध हुआ । इस टकराव में अंत में अनंत के व्यक्ति के रूप में पाटिल को अध्यक्ष बनाया गया। उत्तर प्रदेश में शांत रहने वाले राजनाथ सिंह को कुर्मी नेतृत्व ने चुनौती दे दी।

दिल्ली में तो भारी तोड़फोड़ हुई मांगेराम गर्ग को अध्यक्ष बनाने की मुहिम का जबरदस्त विरोध हुआ। इसी तरह मध्यप्रदेश में विक्रम वर्मा चुनाव में उतरे और जीतकर अध्यक्ष बने। तब सुंदरलाल पटवा ने विक्रम वर्मा को कुशाभाऊ ठाकरे का उम्मीदवार मानकर उनका जमकर विरोध किया था।क्या कोई सोच सकता था कि जिन्हें भाजपा का पितृपुरुष कहा जाता है उन्हें भी सर शैया पर लिटाने के लिये पार्टी तैयार थी।पार्टी पर कब्जा करने के इस द्वंद में भाजपा ने महसूस किया कि पार्टी विद डिफरेंस का नारा और लोकतंत्र का लबादा ओढ़ने की यह कवायद भाजपा को महंगी पड़ सकती है। इसलिए उन्होंने 2000 के बाद चुनावों से तौबा कर ली और लोकतंत्र की खिड़की से फिर कभी झांककर नहीं देखा। लगभग हर प्रदेश में बगावत हुई,दफ्तरों में तोड़फोड़ हुई। भारतीय जनता पार्टी को लगा कि चुनाव के चक्कर में उनकी पार्टी का सत्यानाश बैठ सकता है इसलिए उन्होंने आम सहमति का रास्ता निकालकर चुनाव पर हमेशा-हमेशा के लिए विराम लगा दिया। लोकतंत्र से तौबा करना भाजपा की मजबूरी थी क्योंकि उसके पास महत्वाकांक्षा की इस तेज रफ्तार गाड़ी को नियंत्रित करने का कोई मेकेनिज्म नहीं था।वे यह भी जान गये थे कि भले वे सेवाशाही का नारा लगाते हैं किंतु उनका संगठन मेवाशाही के रास्ते पर चल पड़ा है। जिस पर लोकशाही का कोई अर्थ ही नहीं है।

इन सबके विपरीत असहमतियों का सामना करने और कुछ कुछ छोड़कर सर्वसम्मति बनाने का मेकेनिज्म कांग्रेस को विरासत में मिलता है। खुली अभिव्यक्ति और असहमतियों को सर्वसम्मति बनाना उनके रोजमर्रा का काम है। किसी भी पार्टी में लोकतंत्र की स्थापना और चुनाव की प्रक्रिया हमेशा सहमतियां और असहमतियों को टकराव के लिए उत्प्रेरित करतीं हैं किंतु इस टकराव को समाधान की ओर ले जाना जितना चुनौती पूर्ण है उतना ही चुनाव परिणामों को स्वीकार करने की सहमति बनाना कष्टकर है। कठिनाइयां होते हुए भी कांग्रेस ने इन चुनौतियों का सामना किया और समन्वय की राह बनाई ।यह केवल कांग्रेस के बस की ही बात थी।

सूडोकु नवताल- 6233

★★★★☆ मध्यम

9		2		4	1	7		
1						6		
5	7	3	2				4	
				9	4	8		
4		7				9		6
		5	8	3				
	3				6	5	9	1
		6						7
		9	1	8		2		4

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल 6232 का हल

5	4	9	1	8	3	2	6	7
1	2	6	4	9	7	3	5	8
3	8	7	5	2	6	1	4	9
8	7	1	3	4	2	6	9	5
9	5	3	6	1	8	7	2	4
2	6	4	7	5	9	8	1	3
4	3	5	2	7	1	9	8	6
6	9	2	8	3	4	5	7	1
7	1	8	9	6	5	4	3	2

भारत-चीनः सहज संबंध कैसे बनें?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

नई दिल्ली से चीनी राजदूत सन वेइ दोंग की विदाई के समय हमारे विदेशमंत्री जयशंकर और राजदूत सन ने जो बातें कहीं हैं, उन पर दोनों देशों के नेता और लोग भी ज़रा गंभीरतापूर्वक विचार करें तो इस 21 वीं सदी में दुनिया की शक्ल बदल सकती है। जयशंकर ने कहा है कि इन दोनों के बीच यदि आपसी संवेदनशीलता, आपसी सम्मान और आपसी हितों को ध्यान में रखकर काम किया जाए तो न केवल इन दोनों देशों का भला होगा बल्कि विश्व राजनीति भी उससे लाभान्वित होगी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव खत्म करने के लिए यह जरुरी है कि सीमा क्षेत्रों में शांति बनी रहे। जयशंकर के जवाब में बोलते हुए चीनी राजदूत सन ने कहा कि दोनों राष्ट्र पड़ौसी हैं। पड़ौसियों के बीच मतभेद और अनबन कोई अनहोनी बात नहीं है। यह स्वाभाविक प्रक्रिया है। चीन और भारत एक-दूसरे के महत्वपूर्ण पड़ौसी हैं। उन्हें अपने मतभेदों को आपसी संवाद द्वारा समाप्त करना चाहिए। दोनों की शासन-व्यवस्थाओं का चरित्र भिन्न है और दोनों की विकास-प्रक्रिया भी अलग-अलग है लेकिन यदि दोनों राष्ट्र एक-दूसरे का सम्मान करें और उनकी आंतरिक व्यवस्थाओं में हस्तक्षेप न करें तो दोनों के संबंध सहज हो सकते हैं। दोनों राष्ट्रों के संबंधों में इधर जो उतार-चढ़ाव आए हैं, उन्हें दूर करना मुश्किल नहीं है। इन दोनों कूटनीतिज्ञों ने जो कुछ कहा है, उसे कोरी औपचारिकता कहकर दरी के नीचे सरका देना ठीक नहीं है। भारत और चीन को एक-दूसरे का प्रतिद्वंदी या शत्रु मानकर कुछ शक्तिशाली राष्ट्र फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन भारत उनसे जुड़ने के बावजूद काफी सतर्क है। यहां हमें यह समझने की जरुरत है कि चीन के साथ 1962 में भयंकर युद्ध होने के बावजूद दशकों से दोनों देशों के बीच शांति बनी रही है, दोनों देशों के शीर्ष नेता एक-दूसरे के यहां आते-जाते रहे हैं और उनका आपसी व्यापार भी आसमान छूता रहा है। गलवान घाटी की मुठभेड़ के बावजूद आपसी व्यापार में जबर्दस्त बढ़ोतरी हुई है। दोनों देशों के फौजी भी सहज रूप से वार्तालाप चला रहे है। पाकिस्तान के नेताओं से जब भी मेरी भेंट होती थी, मैं उन्हें हमेशा भारत-चीन संबंधों की सहजता की मिसाल पेश किया करता था। मुझे कई बार चीनी विश्वविद्यालयों में भाषणों के लिए चीन की लंबी यात्राएं करनी पड़ी हैं। मैं यह सुनकर दंग रह जाता था कि साधारण चीनी लोग भारत को 'गुरु देश' और 'पश्चिमी स्वर्ग' कहते थे। कुछ बौद्ध चीनियों ने मुझे कहा कि रोज़ सुबह वे अपनी प्रार्थना में कहते हैं कि हमारा अगला जन्म अगर हो तो वह बुद्ध के देश भारत में ही हो। हमारे विदेश मंत्री जयशंकर चीन में हमारे राजदूत भी रह चुके हैं।

ग्रामीण विकास के अन्तर्गत लोकार्पण, भूमिपूजन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करें -जिला पंचायत अध्यक्षा

सामान्य सभा की बैठक सम्पन्न

मुरैना। जिला पंचायत की अध्यक्षा श्रीमती आरती गुर्जर ने कहा है कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न होने के बाद जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच के चुनाव हो चुके है। अब ग्रामीण विकास के अन्तर्गत होने वाले लोकार्पण, भूमिपूजन में जनप्रतिनिधियों को आदर और सम्मान के साथ आमंत्रित किया जाये। यह बात उन्होंने शुक्रवार को जिला पंचायत के सभागार में आयोजित सामान्य सभा की बैठक को संबोधित करते हुये कही। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष बनवारी लाल धाकड़, जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरके गोस्वामी, जनपद अध्यक्ष अम्बाह कु. मुधरिमा तोमर, अम्बाह और जौरा के विधायक प्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अभिनव मिल्री छारी, वीरेन्द्र खटीक, श्रीमती गिरिजा देवी, अनुराग सिंह परमार, अतेन्द्र गुर्जर, केशव सिंह गुर्जर, श्रीमती ओमवती देवी, भूपेन्द्र सिंह सिकरवार, श्रीमती जल्देवी टेगौर, श्रीमती पानो देवी हरिसिंह, अमर सिंह धाकड़ सहित समस्त विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे। बैठक में सर्वप्रथम एजेण्डानुसार जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आरती गुर्जर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री से विभाग के द्वारा संचालित किये जा रहे कार्यों के बारे में सदन में विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में कार्यपालन यंत्री श्री सुमन ने बताया कि विभाग द्वारा जिले के अन्तर्गत 82 निर्माण कार्य चल रहे है। इसके अलवा अभी हाल ही में 101 तालवों का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है, प्रदेश में मुरैना जिला प्रथम स्थान पर आया हुआ है। विभाग द्वारा जो भी कार्य चल रहे है, वे कार्य कुछ पूर्णतः की ओर है और कुछ प्रगतिरत है। बैठक में पीएचई विभाग की समीक्षा की गई। समीक्षा में कार्यपालन यंत्री श्री बाथम ने बताया कि मुरैना जिले के 753 ग्रामों में घर-घर नल से जल पहुंचाने का कार्य चल रहा है। इसमें 3 एजेन्सियां कार्य कर रहीं है। इसके अलवा जिले में जल निगम के द्वारा तालाब से पानी साफ करके 47 गांवों में जल पहुंचाने का कार्य चल रहा है। जिसमें नरहेला, दतहरा से पानी भिजवाने कार्य संचालित है। बैठक में जिला पंचायत सदस्य ने बताया कि हरिगवां गांव इस योजना से वंचित है, इस गांव को भी शामिल किया जाये। बैठक में निर्णय लेते हुये अगले दिन डीपीआर बनाने का आश्वासन जल निगम की एसडीओ श्रीमती नेशी जैन ने दिया। बैठक में महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तजन पेंशन, दिव्यांग छात्रवृत्ति, उच्च शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि पर जिला पंचायत सदस्यों की सहमति से आगे निर्णय पारित हुये।

अखिल भारतीय रामायण मेला-

रामायण को ऊर्जा का आधार बनाकर शक्ति जागृत करें युवा: राधा शास्त्री

अंबाह। श्रीश्री 1008 महामण्डलेश्वर महंत श्री रामकृष्ण दास महाराज जी के कृपा पात्र शिष्य समस्त शिष्य के द्वारा संसार के पाप ताप सन्ताप से सन्तृप्त मानव को शीतलता देने के लिए प्रतिवर्ष की भांति नगर के सिद्ध स्थल राम तलैया धाम भरतपुरा पर 38वॉं अखिल भारतीय रामायण मेला एवं संत सम्मेलन की शुरुआत हुई। श्री राम चरितमानस के प्रसंगों पर वयाख्यान देते हुए भागवताचार्य राधा शास्त्री सहित अन्य वक्ताओं ने भारत की युवा शक्ति से रामायण को ऊर्जा का आधार बनाने का आह्वान किया गया। विभिन्न जगह से आए धार्मिक और शास्त्रोक्त विद्वानों ने आध्यात्मिक मार्ग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के वर्तमान तनाव भरे वातावरण में यदि वयक्ति को शांति पानी है तो उसे धर्म आध्यात्म के मार्ग पर चलना होगा और तभी वह अपने जीवन को सुखमय बना सकता है। आज की भागदौड़ भरी जीवन शैली में मंथन चिंतन ध्यान योग की उपयोगिता महत्ता बढ गई है और आज पूरा विश्व भारत की इस विधा की तरफ आकर्षित हो रहा है।

जिला चिकित्सालय का कायाकल्प की टीम ने अवलोकन किया

मुरैना। विगत 27 अक्टूबर को जिला चिकित्सालय मुरैना में कायाकल्प का प्री असिस्मेंट डॉ. प्रशांत, डॉ. प्रदीप शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर सिविल सर्जन डॉ. विनोद गुप्ता, आरएमओ डॉ. सुरेन्द्र सिंह गुर्जर, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. डीके गुप्ता, श्रीमती रामलली माहौर सहित स्टाफ नर्स, इंचार्ज आदि अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

अम्बाह, पोरसा में आज व कैलारस, सबलगढ़, पहाडगढ़ में कल होंगे कृत्रिम अंग वितरित

मुरैना। एलिम्को कंपनी द्वारा मुरैना जिले के दिव्यांगजनों को मोट्रेड ट्रायस्किल एवं सहायक उपकरण पात्र हितग्राहियों को प्रदान किये जाने है। जिसके क्रम में कंपनी द्वारा चिन्हांकन शिविर ब्लॉकवार आयोजित किये जा रहे है। शिविर में दिव्यांगजनों को लाने, ले जाने, भोजन, पानी, छाया व्यवस्था आदि का प्रबंध किया गया है। पात्र दिव्यांगजनों को इस शिविर में संबंधित जनपद सीईओ एवं सीएमओ इन तिथियों में भिजवाना सुनिश्चित करें। अम्बाह एवं पोरसा में जनपद पंचायत अम्बाह के परिषद में आज 29 अक्टूबर को, कैलारस, सबलगढ़ तथा पहाडगढ़ के लिये शिविर जनपद पंचायत में कल 30 अक्टूबर को लगेगा। दिव्यांगजन अधिक से अधिक उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठावें।

पति पर लगाया मारपीट का आरोप

अंबाह। बाग के पुरा की दिव्या सखबार ने अभी कुछ देर पहले अंबाह थाने में पहुंचकर अपने पति के खिलाफ मामला दर्ज कराया है दिव्या सखवार ने पुलिस को बताया कि उसके पति उसके साथ आए दिन मारपीट करते है, जिससे उनका पारिवारिक जीवन तहस-नहस हो गया है। इसके साथ ही प्रतिदिन मारपीट होने से उनके बच्चों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है। दिव्या सखबार ने पुलिस को आवेदन देकर अपने पति के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

सड़क तथा नाली विहीन क्षेत्र में गंदगी बन रही बीमारियों का कारण

दैनिक पुष्पांजली टुडे

पत्रा।नगर के निकतवर्तीय नव निर्मित वार्ड क्रमांक 26 के अंतर्गत नए आरटीओ कार्यालय के पीछे का मामला, जहाँ वर्षो से सड़क तथा नाली का आभाव रहा है। और ऐसे में यहाँ घरो से निकलने वाला गन्दा पानी एक स्थान में एकत्रित होने से इलाके में मलेरिया तथा डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा हैं। इस क्षेत्र में न तो नगर पालिका परिषद के द्वारा कोई भी कचरा वाहन भेजा जाता है। ना ही इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान दिया जाता है। ऐसे में मजबूरीवश रहवासियो द्वारा एक स्थान पर कचरे का ढेर लगाया जाता है। परिणाम स्वरुप जगह-जगह कचरों के ढेर गढ्ढो में गन्दा पानी स्पष्ट रूप से देखा जा रहा हैं जो की प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान पर एक प्रश्न चिन्ह हैं। स्थानीय निवासियों द्वारा बताया गया कि, बारिश के दिनों यहाँ की कच्ची सड़कों की हालत अत्यन्त दयनीय हो जाती है। जिस कारण इस मार्ग से आवागमन पूर्णतः अवरुद्ध हो जाता है, स्थानीय लोग सड़क तथा नाली की समस्या को लेकर काफी चिंतित हैं। उनके द्वारा ये जानकारी दी गयी की भले ही उनका क्षेत्र नगर पालिका में जुड़ गया है पर उन्हें नगर पालिका की सुख सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। क्यों की न तो यहाँ नालियों की कोई व्यवस्था है और ना ही यहां कभी कचरा गाड़ी कचरे के लिया आती है। यह एक बड़ी समस्या है, और जब तक प्रशासन इन समस्याओं को नजरअंदाज करती रहेगी, तब तक प्रशासन कितना भी जोर लगा दे , पत्रा कभी भी स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन नहीं आ सकता।

रायपुर के अपराजित तिवारी बने छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव

अश्वनी अवस्थी ब्यूरो चीफ
पुष्पांजली टुडे

कुछ वक्त पहले छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के संगठात्मक चुनाव संपन्न हुए थे जिसमे प्रदेश भर से हजारों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था आज चुनाव के संपूर्ण नतीजों की घोषणा हुई जिसमे रायपुर के अपराजित तिवारी ने 8842 वोट प्राप्त करते हुए छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव निर्वाचित हुए

एचडीएफसी बैंक का पांडे एवं माहेश्वरी ने किया शुभारंभ

जौरा। नगर में एचडीएफसी बैंक की नवीन शाखा का उद्घाटन अनुविभागीय अधिकारी एलके पांडे एवं नगर परिषद अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी द्वारा फीता काटकर दीप प्रज्वलित कर किया गया। शुक्रवार को नगर में एचडीएफसी बैंक की नवीन शाखा के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित बैंक अधिकारियों रजत अग्रवाल, विनय शुक्ला ने कहा कि विश्व स्तरीय बैंकिंग सेवाएं ग्राहकों को देने का पूरा प्रयास हमारी शाखा करेगी। बैंक अधिकारियों ने यह भी कहा कि इस शाखा में डिजिटल बैंकिंग घर -घर सेवाएं जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं भी ग्राहकों को उपलब्ध रहेंगी एवं बिना कागजात के 10 सेकंड में पर्सनल लोन, टू व्हीलर लोन, ऑटो लोन की सुविधा भी ग्राहकों को मिलेंगी। उन्होंने सिटीजन सीनियर ग्राहकों के लिए भी पूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी बात कही। इस अवसर पर एसडीएम एल के पांडे एवं नगर परिषद अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने भी कहा कि निश्चित रूप से एचडीएफसी बैंक की नवीन शाखा के खुलने से ग्राहक लाभान्वित होंगे। बैंक के उद्घाटन अवसर पर जलज पाठक शाखा प्रबंधक अंबाह, दिलीप पांडे शाखा प्रबंधक कैलारस, विपिन शर्मा उप शाखा प्रबंधक, अमित त्यागी केसियर, शशिकांत शर्मा पर्सनल बैंकर, आयुष सक्सेना वेलकम ऑफिसर, सीएमओ योगेंद्र सिंह तोमर सहित बैंक ग्राहक एवं बैंक कर्मी भी उपस्थित रहे।

समाज में विलुप्त हो रही स्थानीय लोक कला एवं गीतों की कराई प्रस्तुति

मुरैना। जन अभियान परिषद मुरैना के विकासखण्ड मुख्यालय पोरसा द्वारा चयनित नवांकुर संस्था के सहयोग से पारंपरिक सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन गत दिवस क्षेत्रीय विधायक कमलेश जाटव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज में विलुप्त हो रही स्थानीय लोक कला एवं गीतों की प्रस्तुतियां कला मंडलियों के सदस्यों ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद पोरसा के खण्ड समन्वयक राधाशरण पुरोहित ने किया।

87 वें दिन भी अंडर ब्रिज के लिए भूख हड़ताल पर बैठे वरिष्ठ नागरिक

कैलारस। शासकीय अस्पताल के सामने अंडर ब्रिज की मांग को लेकर लगभग 3 माह से नागरिक गण लोकतांत्रिक मर्यादा में आंदोलनात्मक कार्यवाहीयां जारी रखे हुए हैं। ब्रॉडगेज के निर्माण कार्य में कैलारस नगर को दो हिस्सों में बांट दिया गया है। पुराना कैलारस कस्बा लगभग अवरुद्ध हो गया है। आधी से ज्यादा आबादी ब्रॉडगेज के निर्माण के बाद निकलने के लिए भी मोहताज हो जाएगी। नागरिक केवल आवागमन के परंपरागत रास्ते को शासकीय अस्पताल, शमशान और कब्रिस्तान के लिए बहाल रखने हेतु कृष्ण मार्ग पर अंडर ब्रिज बनाने की मांग कर रहे हैं। मंत्रीगणों, अधिकारियों को ज्ञापन और आवेदन दिए गए हैं। रेलवे विभाग से लगातार मांग की जा रही है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नागरिकों ने धरना, प्रदर्शन, सत्याग्रह, तिरंगा यात्रा, भूख हड़ताल कि हैं। अब आगे जुझारू सत्याग्रह की तैयारियां शुरू कर दी गई है। क्रमिक भूख हड़ताल लगातार जारी है। शुक्रवार 87वें दिन क्रमिक भूख हड़ताल पर वरिष्ठ नागरिक गण ओमप्रकाश श्रीवास, बल्लू मामा, हलकेराम जाटव, कल्ला रजक आदि बैठे। उनको डॉ दशरथ सिंह कुशवाह द्वारा माल्यार्पण कर भूख हड़ताल/ धरने पर बिठाया गया। धरने पर नरेश जाटव, अनिल सोलंकी, गिर्राज जाटव, प्रमोद प्रजापति, अंकित राठौर, मनीष प्रजापति, मनीष सोलंकी, मिथुन जाटव, रामदयाल जाटव आदि बैठे, आंदोलन लगातार जारी है।

सीएम की चेतावनी के बाद मुरैना पुलिस गुड्डा गैंग के प्रति अलर्ट

कुख्यात गुड्डा गुर्जर गैंग के खात्मे की तैयारी हेतु पुलिस ने बनाई गोपनीय रणनीति

मुरैना। लंबे समय से मुरैना जिले में आतंक का पर्याय बने कुख्यात इनामी डकैत गुड्डा गुर्जर गैंग की गूंज सीएम के कानों तक पहुंच चुकी है, जिसके बाद उन्होंने चंबल संभाग के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को गुड्डा गुर्जर गैंग का खात्मा करने के निर्देश दिए हैं, साथ ही सभी अधिकारियों को यह भी चेतावनी दी गई है कि वह कार्रवाई नहीं करेंगे तो फिर एक्शन में लूंगा। जिसके बाद चंबल संभाग से लेकर मुरैना जिले के पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया है तथा आनन-फानन में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते हुए एडी कार्य में महारत हासिल करने वाले अधिकारियों से भी चर्चा की है एवं मुखबिर तंत्र को मजबूत करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बहरहाल इस मामले में पुलिस अधीक्षक द्वारा किसी भी बात की पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन सूत्रों से रणनीति को लेकर जानकारी मिली है। सीएम की सख्ती के बाद चंबल रेंज के आईजी राजेश चावला गुरुवार को ही पहाड़गढ़ पहुंच गए तथा पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते हुए गुड्डा गुर्जर गैंग के खात्मा हेतु रणनीति तैयार की गई। इसके बाद शुक्रवार की दोपहर पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी द्वारा जिला मुख्यालय पर अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों की बैठक ली गई, जिसमें गुड्डा गुर्जर गैंग को खत्म करने हेतु काफी मंथन किया गया। सूत्र बताते हैं कि पुलिस अधीक्षक द्वारा गैंग के खात्मे के लिए पूर्व में एड़ी का कार्य कर चुके अधिकारियों को इस काम में लगाया जा रहा है और उनसे अपने मुखबिर तंत्र को मजबूत करने को कहा गया है। पिछले कुछ महीनों से गुड्डा गुर्जर गैंग का पहाड़गढ़ क्षेत्र में लगातार मूवमेंट चल रहा है और चार से पांच बार पुलिस से आमना-सामना भी हो गया है, लेकिन वह पुलिस की अनुभवहीनता के कारण हर बार बचकर भाग निकला। पुलिस अधीक्षक द्वारा ली गई बैठक काफी देर तक चली, जिसमें गुड्डा गुर्जर गैंग को पकड़ने हेतु हर एंगल पर विचार विमर्श किया गया तथा पुराने अधिकारियों से अनुभव भी सांझा किए गए।

बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष ने दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजली टुडे

शिवपुरी-बहुजन समाज पार्टी के माननीय इंजीनियर रामजी गौतम साहब्र राज्यसभा सांसद एवं मुख्य प्रदेश प्रभारी बसपा माननीय इंजीनियर रमाकांत पिप्पल जी प्रदेश अध्यक्ष बसपा के निर्देश देते हुए आदेशानुसार आज भाजपा सरकार मध्यप्रदेश के कोने कोने दलितों, आदिवासियों एवं अल्पसंख्यकों पर आये दिन हो रहे जघन्य अपराधों की बाढ़ सी आ गई है खासकर दमोह जिला की ग्राम देवरान में दलितों की तिहरे जघन्य हत्या की घटना, भिण्ड जिले के रामगढ़ में दलित बच्ची की निर्मम हत्या के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम के नाम श्रीमान कलेक्टर महोदय द्वारा नियुक्त डिप्टी कलेक्टर श्री अंकुर गुप्ता जी को ज्ञापन सौंपा गया इसमें पार्टी द्वारा मांग की गई कि पाशविकता की हदें पर आतताइयों को तत्काल फांसी देने की सख्त जरूरत एवं पीड़ित परिवार को ?10000000 / एक करोड़ रुपए का मुआवजा एवं शहर के बीचो-बीच आवाज सहित परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई शिवपुरी द्वारा मांग रखी गई और ज्ञापन में हत्या के संबंध में मध्य प्रदेश के दमोह जिले के देहात थाना क्षेत्र के देवरान गांव में जिस ढंग से दबंगों ने पहले गोली मारकर फिर पत्थर पटक कर घमंडी अहिरवार राजकुमारी अहिरवार और मानकलाल अहिरवार की हत्या की है इसकी सुर्खियों से पूरा दलित समाज विशेषकर अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के लोग जैसे बिजली के करंट की तरह सूख गए हैं आज जब पूरा देश आजादी के अमृत महोत्सव मना रहा है तो क्या मध्यप्रदेश शासन और भारत सरकार के पास इसका कोई समाधान है कि इस प्रकार के आतताइयों में कानून का भय पैदा हो सके कुछ महीने पहले सिवनी जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में 2 आदिवासियों की भी इसी तरह से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई साथ ही सैकड़ों घटनाएं छुपी नहीं है प्रश्न उठता है कि आखिर मध्य प्रदेश की सरकार इतनी मूकदर्शक क्यों बनी हुई है ऐसी स्थिति में पुलिस थाने अपराधियों को बचाने की जुगत में लग जाते हैं केवल एक अपराधी को गिरफ्तार करती है और शेष को भगा देती है सबूत ऐसे पेश करती है कि कोर्ट में अपराध निर्दोष छूट जाते हैं कुल मिलाकर बहुजन समाज पार्टी का विश्वास मध्यप्रदेश शासन से उठ चुका है उसके पास एक ही चारा बसता है कि वह संविधान के संरक्षक संज्ञान में लाएं कि इस प्रकार के मामलों में ठीक वही बर्ताव करें जैसा एक जघन्य अपराधों में होना चाहिए 1 माह के भीतर ही मामले की

न्यायिक जांच कराकर तत्काल आरोपियों को फांसी देना सुनिश्चित किया जावे अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों को इस प्रकार की शक्ति से ही कानून का राज और सच्चा संदेश जाएगा साथ ही पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा राशि दिलाने एवं शहर के बीचो-बीच आवासीय पक्का मकान, परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी, शहर के बीचो-बीच आवासीय पक्का मकान शीघ्र प्रदान करने की बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई शिवपुरी मांग करती है साथ ही साथ शिवपुरी जिले के क्षेत्र की समस्या पुलिस थाना बदरवास के अंतर्गत तोरन आदिवासी जमीन विवाद पर से भूमि हड़पने की साजिश को लेकर घर से बुलाकर केशव कलावत चार अन्य दबंग लोगों के द्वारा मारपीट कर पेड़ से लटका दिया गया उसकी पत्नी रामप्यारी आदिवासी के साथ मारपीट की थी लेकिन थाना बदरवास के द्वारा हत्या का प्रकरण तो पंजीबद्ध किया गया लेकिन तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है अन्य शेष आरोपी किसी वारदात करने की नियत फरार घूम रहे हैं मुख्य आरोपी केशव कलावत को एफ आई आर में से नाम हटा दिया गया है उसको तत्काल द्ध.द्ध.द्ध. में नाम जोड़ा जावे और मुख्य आरोपी केशव कलावत को तत्कालीन को गिरफ्तार किया जावे भाजपा की सरकार में अपराधी निरंकुश हैं भाजपा की सरकार ने अनुसूचित जाति जनजाति ओबीसी कि लोगों को आवास दिलाने हेतु पहल की जा रही है गोपालपुरा ग्राम पंचायत में सरपंच सचिव के द्वारा वीरसिंह जाटव एवं पप्पू जाटव की प्रधानमंत्री आवास कुटीर स्वीकृत हुई है और इन लोगों के द्वारा शासकीय भूमि पर कई वर्षों से निवास कर रहे हैं उसी स्थान पर आवास कुटीर का निर्माण किया जाकर उसकी नींव भराई गई है सरपंच सचिव द्वारा वीर सिंह व पप्पू जाटव से एक मोटी रकम लेकर आवासीय निर्माण कार्य को कराने की कह रहे हैं लेकिन उन लोगों के द्वारा मोटी रकम देने से मना किया तो उनके निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है जबकि मध्य प्रदेश भाजपा की सरकार के द्वारा शासकीय भूमि पर जो लोग काविज हैं उन को आवासीय पट्टे देने की पहल की गई है आवासीय पट्टे के लिए तहसीलदारों को सरकार के द्वारा आदेश दे दिए गए हैं फिर भी उनको आवासीय पट्टे नहीं दिए गए हैं इन भ्रष्ट सरपंच सचिव गोपालपुरा ग्राम पंचायत के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करें अगर सात दिवस के अंदर आवासीय कुटीर का निर्माण कार्य को चालू नहीं किया गया तो बहुजन समाज पार्टी बड़े पैमाने पर जन आंदोलन करने के लिए विवस होगी ज्ञापन देने में बहुजन समाज पार्टी के जोन प्रभारीगण माननीय डां. विद्याराम कौशल जी ,माननीय संतसिंह आदिवासी जी ,माननीय सुआलाल जाटव जी जिला प्रभारी,माननीय धनीराम चौधरी जी जिलाध्यक्ष बसपा, रामदीन आदिवासी जिला उपाध्यक्ष ,नवल सिंह धाकड़ जिला महासचिव, कैलाश कुशवाह पूर्व प्रत्याशी पोहरी विधानसभा अध्यक्षगण कल्याण सिंह राजे पोहरी, महेश जाटव , जितेंद्र देहलवार पिछोर संतोष कुमार जाटव करैरा, शांति दास फले जिला संगठन मंत्री, राकेश जाटव पेंटर, राजाराम जाटव दयाली राम, मांगीलाल विजय सिंह चौधरी अशोक राजे, मखलेराम, वीर सिंह जाटव रामजीलाल कुशवाह,अर्जुन राजे, राकेश जाटव ठेकेदार, मुकेश जाटव, रामचरण नेताजी, जोखू राम , रामस्वरूप जाटव ,हरभजन जाटव , दशरथ जाटव एवं बहुजन समाज पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता ज्ञापन देने में शामिल हुए

किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे ओबीसी महासभा विशेष सदस्य प्रीतम सिंह लोधी, आज 11 दिन अनशन जारी

राकेश परिहार पुष्पांजली टुडे

पिछोर। खबर शिवपुरी जिले के अंतर्गत पिछोर विधानसभा से दिखा रहे हैं जहां पर किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर बीते 10 दिन पहले से आमरण अनशन भूख हड़ताल पर बैठे आज 11वा दिन जारी ओबीसी महासभा विशेष सदस्य प्रीतम सिंह लोधी द्वारा बताया गया की जहां बीते दिनों पहले अतिवृष्टि होने से किसानों की फसलें बर्बाद हुई है जिसके चलते किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट दिखाई दे रही हैं इसके साथ पिछोर अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम बृजेंद्र सिंह यादव जी ने धरना स्थल पर पहुंच कर ओबीसी महासभा विशेष सदस्य प्रीतम सिंह लोधी को आश्वासन दिया बताया कि जो हमारे विभाग के दायरे मैं आती है उन्हें हम पूर्ण करेंगे लेकिन

ओबीसी महासभा सदस्य प्रीतम सिंह लोधी ने बताया की पिछोर अनुविभागीय अधिकारी से संबंधित मांगों का निराकरण हो रहा है लेकिन जिले एवं प्रदेश से संबंधित काम है बताया कि जिले एवं प्रदेश के अधिकारियों के हां या ना कि जवाब का इंतजार है यदि हमारी मांगो को पूर्ण नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन समय तक आमरण अनशन भूख हड़ताल जारी रहेगा

ओबीसी महासभा विशेष सदस्य द्वारा बताया गया कि जिले एवं प्रदेश प्रशासन द्वारा किसानों एवं नागरिकों की मांगो का कोई आश्वासन नहीं मिला आज आमरण अनशन का 11 दिन जारी है आगामी समय 5 नवंबर से 5000 नौजवानों के साथ पदयात्रा पिछोर से दिल्ली प्रधानमंत्री कार्यालय तक प्रस्थान की जाएगी वही प्रधानमंत्री जी को पिछोर विधानसभा के किसानों एवं नागरिकों पर हो रहे अत्याचार एवं विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री जी के पास जाकर अवगत कराएंगे

कृषि विज्ञान केन्द्र की 32वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजली टुडे

शिवपुरी- हाइब्रिड मोड में कृषि विज्ञान केन्द्र की 32वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक आज शुक्रवार को आयोजित की गई। विगत छः माह की प्रगति तथा आगामी छः माह के लिए कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.एम.के.भार्गव द्वारा किया गया। बैठक में दिए गए सुझावों में निदेशालय विस्तार सेवाएं से डॉ.सुधीर सिंह भदौरिया, वैज्ञानिक द्वारा सरसों की डबल जीरो प्रजाति, काला गेहूं परीक्षण/प्रक्षेत्र प्रदर्शन, मछली पालन को बढ़ावा दिया जाये। स्ट्रॉबेरी मल्चिंग परीक्षण, एग्री बिजनेस, एफपीओ को प्रोत्साहन, केन्द्रीय कृषिवानिकी के अनुसंधान संस्थान झांसी के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.आर.पी.द्विवेदी द्वारा केन्द्र पर बने आईएफएस मॉडल की प्रशंसा करते हुए और जिले में और अधिक बढ़ावा देने के लिए बात कही। अटारी जॉन 9 जबलपुर के वैज्ञानिक डॉ.अजय राउत द्वारा प्राकृतिक खेती के आंकड़ों का संग्रहण करें। उत्कृष्टशील कृषक को अवॉर्ड के लिए दस्तावेजीकरण करने का मार्गदर्शन दिया गया।

जिले के संबंधित विभागों के प्रमुख एवं उनके प्रतिनिधि तथा कृषक प्रतिनिधियों के द्वारा भी केन्द्र की कार्ययोजनाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए बहुमूल्य सुझाव दिए गए जिन्हें कार्ययोजना में समाहित किया जाकर जिले में कृषि तकनीकी को और अधिक प्रसारित किया जाएगा। बैठक में प्रधान वैज्ञानिक डॉ.पुनीत कुमार, डॉ.शैलेन्द्र सिंह कुशवाह वरिष्ठ वैज्ञानिक, वैज्ञानिक डॉ. जे.सी.गुप्ता, डॉ.पुष्पेन्द्र सिंह, डॉ.ए.एल.बसेड़िया, तकनीकी अधिकारी डॉ.नीरज कुमार कुशवाहा, शोध सहायक विजय प्रताप सिंह, कार्यालय अधीक्षक सह लेखापाल श्री सतेन्द्र गुप्ता, स्टेनो आरती बंसल एवं सहायक ग्रेड 3 श्रीमती नीतू वर्मा सभी की सहभागिता रही।

जागो

अपने हृदय में पनपत्ति
अभिलाषाओं के लिए।
जागो एक बार
अपने अंतर्मन में छिपी
सत्यनिष्ठा के लिए।
जागो एक बार
अपनी स्वतंत्रता की
मर्यादा को
कायम रखने के लिए।
जागो एक बार
स्वयं के अंतर्मन में छिपी
अंतरात्मा को
जगाने के लिए ।

जागो एक बार
अपनी अंतरात्मा की
आवाज़ के लिए।
जागो एक बार

राजीव डोगरा
(भाषा अध्यापक)
राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गाहलिया

माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह निर्देश दिए हैं पूरे मध्यप्रदेश में नशा मुक्ति अभियान

दैनिक पुष्पांजली टुडे

नसरुल्लागंज। शराब नशे की पदार्थ बेचने वालों को छोड़ना नहीं है माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने लफ्जों में यही कहा है शराब नशे की चीजें जो नहीं छोड़ेगा उस पर कार्रवाई किया जाएगा मध्यप्रदेश में नशे को जड़ से हटा दिया जाएगा बेचने वालों पर कार्रवाई किया जाएगा यदि बेचते हुए क्या खाते हुए पकड़ा गया तो सीधा जेल की हवा खिला दिया जाएगा

इसी के चलते एसडीएम तोमर साहब ने भी यही कहा अपने गांव में नहीं अपने पूरे मध्यप्रदेश में नशा मुक्ति को जड़ से हटा दिया जाएगा जो अवैध काम करता है उन पर सख्त से सख्त कारवाई किया जाएगा थाना प्रभारी गोपालपुर थाने से टीआई साहब भी मौजूद रहे उन्होंने भी ओला जहां पर भी नहीं कोई सुनता है कहा नहीं

मानता है सो नंबर डायल करो तुरंत कार्रवाई किया जाएगा इसी के चलते बच्चों का भविष्य व्यस्त जा रहा है बच्चे नशे के शिकार हो रहे हैं घर में लड़ाई झगड़े होते रहता हैं ऐसे में कई घर बर्बाद हो चुके हैं इसीलिए माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नशा मुक्ति अभियान को चलाया गया है इसीलिए भरोस पवार सरपंच साहब ने बड़नगर ग्राम गिलहरी में नशा मुक्ति अभियान चालू कर दिया गया है

फिर भी लोग भेजते हुए नहीं मान रहे हैं कुछ दुकानों पर विमल गुटके बेचा जा रहा है पर उन पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया शराब बेच रहे हैं उन पर भी कार्रवाई किया जाए

बेचते हुए पकड़ा गए उस पर 11 हजार का जुर्माना 6 महीने की सजा खाते हुए पकड़ा गया पीते हुए ?5000 का जुर्माना किया जाएगा

श्रीमद् भागवत कथा-जनकपुर गांव में पहले दिन गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा



संवाददाता सुनील कुमार अहिरवार
पुष्पांजली टुडे

टीकमगढ़ जिला मुख्यालय से 5 चाद्व दूर जनकपुर गांव में शुक्रवार से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शुरू किया गया। धार्मिक समारोह के पहले दिन गांव में गाजे-बाजे के साथ त्रिदेव हनुमान मंदिर धजरई से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर मंगल गीत गाए। गांव का भ्रमण करने के बाद कलश यात्रा जनकपुर गांव स्थित देवीजी मंदिर पहुंची। जहां विधि-विधान से कलश स्थापना की गई। कथा के मुख्य यजमान बालकिशन ठेकेदार ने बताया कि 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक गांव के देवी जी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा।

कथा वाचक बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दास महाराज ने कथा के पहले दिन कहा कि कलिकाल में मुक्ति का एकमात्र साधन श्रीमदभागवत कथा ही है। इसका श्रवण करने से पाप का नाश होता है। जीव को मुक्ति की प्राप्ति होती है। इसी क्रम में उन्होंने धुंधकारी की कथा सुनाते हुए बताया कि भागवत कथा श्रवण से धुंधकारी को प्रेत योनी से मुक्ति मिली। उन्होंने कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है। जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया। वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परमहंसों की संहिता है। भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाता है। भागवत कथा भगवान के प्रति अनुराग उत्पन्न करती है। यह ग्रंथ वेद, उपनिषद का सार रूपी फल है।

शाम 5 बजे से होगी कथा

मुख्य यजमान ने बताया कि हर दिन शाम 5 बजे से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा। 3 नवंबर को समापन के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

सीरवी शिक्षा विकास समिति, राजस्थान की नयी कार्यकारिणी गठित

पंवार दूसरी बार निरविरोध अध्यक्ष चुने गए।

दैनिक पुष्पांजली टुडे

पाली -सीरवी शिक्षा विकास समिति, राजस्थान की किसान कैसरी गार्डन, पाली में 37वीं आमसभा मय दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। चुनाव हेतु पंजीकरण के बाद पहली बार हो रहे चुनाव के लिए पूर्व निरधारित सूचना अनुसार एक दिवसीय चुनाव प्रक्रियाएं नामांकन सहित अपनाई गई, जिसमें निरधारित समय तक, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व एक सदस्य का एक-एक नामांकन ही प्राप्त होने से अध्यक्ष पद हेतु इंजी. गोपाराम पंवार, सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता, जोधपुर, उपाध्यक्ष पद हेतु इंजी.अन्नु भायल ,अधिशाषी अभियंता, जोधपुर, सदस्य हेतु इंजी. उदारामपंवार, सहायक अभियंता, सोजत निरविरोध निरवाचित घोषित हुए।शेष पदों के लिए आमसभा में विचार विर्मश बाद सचिव पद हेतु इंजी. मानाराम काग गुलाबपुरा-पाली , सहायक अभियंता, डिस्कॉम, पाली, कोषाध्यक्ष पद हेतु इंजी. कुनाराम भायल, बिल्डर, पाली, सदस्य हेतु डॉ. देवेंद्र काग, बागावास-पाली, सदस्य हेतु इंजी. संदीप राठौड़, पाली-जोधपुर को आमसहमति से आमसभा द्वारा मनोनीत किये गया। कुल 7 पदों में से 5 नये सदस्य कार्यकारिणी में चुने गए ओर समिति के निर्णय के परिपेक्ष में सभी आजीवन सदस्यता की श्रेणी में से ही कार्यकारिणी चुनी गयी। आमसभा में वार्षिक रिपोर्ट व प्रगति प्रतिवेदन के साथ लेखेजोखें प्रस्तुत किये गए। तथा जरूरतमंद को आर्थिक सहयोग उपलब्ध करवाने के लिए के लिए 6 विध्यार्थीयो को 35000/- की दर से कुल 210000/- राशि जारी करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल ने लगाया आठवां भव्य विशाल भण्डारा

रतनगढ़ धाम पर लगने वाले लक्खी मेले में जाने वाले श्रद्धालुओ के लिए लगाया भंडारा

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक
पुष्पांजली टुडे

दबोह भिण्ड जिले के नगर दबोह से कुछ ही दूरी पर स्थित रतनगढ़ माता मंदिर पर भाईदौज के मौके पर लक्खी मेले में प्रतिबर्ष की तरह लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिये पहुचने का सिलसिला 25 अक्टूबर की शाम से शुरू हो गया था।जिसके चलते दबोह से गुजरकर उत्तर प्रदेश के कानपुर, उरई, कोंच, झांसी अन्य कई स्थानों और अंचल के लाखों श्रद्धालु माँ रतनगढ़ माता के दर्शन के लिये प्रतिवर्ष उनके दरबार में पहुंचते हैं।जिनके लिए 25 अक्टूबर की शाम 06~30 बजे ग्रहण खत्म होते ही दबोह नगर के लगातार सात वर्षों से कई भंडारे व् दीन-दुखियो और गरीबो की सेवा करने वाले सामाजिक संगठन श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल के द्वारा नगर में प्रमुख तिराहा कोंच रोड पर पण्डाल लगाकर हजारों श्रद्धालुओं के लिये चाय, पानी, नाश्ता, भोजन, दवा आदि की व्यवस्था की गई।रतनगढ़ माता के मेले के चलते 25 अक्टूबर की शाम से दबोह मुख्य मार्ग पर माता के भक्तों का कारवाँ

लाखो की संख्या में नजर आता दिखा।जिसके लिए नगर के मुख्य तिराहे कोंच रोड पर श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल द्वारा छटवां भव्य विशाल भंडारा लगाया गया था।आपको बता दें कि नगर के सामाजिक संगठन श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल द्वारा यह पहला भंडारा नही है इससे पहले भी मण्डल के द्वारा नवरात्रि के समय माँ रणकौशला देवी मन्दिर जाने श्रद्धालुओं के लिए भंडारा,नवरात्रि पर नवमी के दिन माँ रणकौशला देवी मन्दिर परिसर में विशाल भंडारा,बेसहारा व् गरीबो की मदद,मतदाता जागरूकता अभियान आदि कार्यक्रम भी किये जा चुके हैं।श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल अध्यक्ष अर्पित गुप्ता ने बताया कि माँ रतनगढ़ वाली की कृपा से यह आठवां विशाल भंडारा सफलता पूर्वक 27 अक्टूबर की सुबह 04~00 बजे सम्पन्न हुआ,साथ ही अर्पित गुप्ता ने बताया की आगामी नवमे भंडारे में भंडारे को काफी विशाल रूप दिया जायेगा और यह भंडारा माता रानी की कृपा से निरन्तर चलता रहेगा साथ ही उन्होंने बताया कि इस भण्डारे में श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल द्वारा पिछली बार किये गए भंडारे से लगभग 50 फीसदी कम श्रद्धालुओं ने भण्डारे में प्रशादी

ग्रहण की।क्योंकि 25 अक्टूबर को ग्रहण पड़ जाने की वजह से भंडारा नही लगाया जा सका और श्रद्धालुओ के मंदिर जाने का सिलसिला ग्रहण खत्म होने के बाद से ही शुरू हो गया था।इसी के साथ इस विशाल भंडारे में मण्डल से हिमांशु गुप्ता,रोहित गुप्ता,मोहित गोस्वामी,बांके बिहारी,टिंकू कुरेले,संजय गुप्ता परा,रवि गुप्ता,प्रतीक गुप्ता,शिवा गुप्ता,परमाल गुर्जर,संजय गुर्जर,पंकज गुप्ता,अनुरुद्ध मुदगल,विकास दुबे,राव साहब गुर्जर,हरिश्चंद्र पाण्डेय,अजय त्रिपाठी,दिलीप नायक,पंकज शर्मा,राजाभैया पालरविन्द्र शर्मा,कुंजबिहारी कौरव,सुधांशु मुद्गल,शशि बुधौलिया, गोपाल अग्रवाल, डॉ.उमाशंकर गुप्ता, अवध किशोर गुप्ता,संजीव अग्रवाल, राधे अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, शिवकुमार गुप्ता परा, हिमांशु मुदगल, अंकित अग्रवाल, अर्पित गुप्ता भैया,गोलू गुप्ता,प्रशांत गुप्ता, साकेत राजोरिया, विन्कु गुप्ता, संजय सोनी, मनीष गुप्ता, अंशुल गुप्ता, राजभुवन यादव,आलोक कुचिया,सोनू गुप्ता,आकाश सर्राफ,पवन गुप्ता,अरविंद कौरव आचार्य जी,टिंकू कुरेले,धर्मेंद्र अग्रवाल,लोकेंद्र पटेल टिंकू,विनय बिलैया,अरविंद श्रीवास्तव,सुरेश गुप्ता परा,अशोक गुप्ता,शिवम बांदिल,हिमांशु पटेल,गोपाल अग्रवाल,सोनू मैथाने बाले,सोम गुप्ता आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।वहीं अध्यक्ष अर्पित गुप्ता ने बताया कि यह आठवां भंडारा श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल की टीम के अथक प्रयास व समस्त नगरवासियों के सहयोग से सम्पन्न हो पाया है।

नगर परिषद ने भी व्यवस्था में किया सहयोग

नगर परिषद दबोह की ओर से स्वच्छता नोडल प्रभारी एन आर खेंगर के निर्देशन में नगर के मार्गो पर भंडारे को मद्देनजर रखते हुए नगर में सफाई व्यबस्था,प्रकाश व्यवस्था,पानी टैंकर आदि व्यवस्थायें काफी अच्छी तरीके से संभाली गई।जिसके लिए कमेटी के सदस्यों ने श्री खेंगर का धन्यवाद दिया।

प्रशासनिक व्यवस्था रही चुस्त दुरुस्त

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित विशाल भण्डारे के दौरान नगर दबोह थाना निरीक्षक राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक महेंद्र उचाड़िया ने यातायात व्यवस्था में मोर्चा सम्भाला।जिसके चलते प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रही और लगातार पुलिसिंग व्यवस्था के चलते कोई हतादत भी नही हुई।जिसके लिए कमेटी ने दबोह पुलिस को भी धन्यवाद दिया।

बड़े ही धूमधाम से बनाया जन्मदिन

दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर।मध्य प्रदेश बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष पूर्व विधायक मुन्ना लाल गोयल जी का जन्म दिन राजनीतिज्ञ, सामाजिक संगठन, क्षेत्रीय जनता एवं शहर के गणमान्य लोगो ने बड़ी धूम धाम से मनाया कार्यालय मे उमड़ी भीड़ ने बता दिया की मुन्ना लाल जी जनता कितने लोकप्रिय है हमारे पत्रकार साथी मुकेश सिंह तोमर जी ने भी पूर्व विधायक मुन्ना लाल गोयल जी को जन्म दिन की बधाई दी

स्वदेशी का मुख्य आधार बने युवा : देवेश थापक

महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। दीपावली उत्सव के उपलक्ष में स्वदेशी जागरण मंच जिला ग्वालियर मध्य भारत प्रांत के तत्वाधान में ÷ स्वदेशी संकल्प अभियान ÷का आयोजन किया गया जिसमें भूमिका एवं अध्यक्ष उद्बोधन श्री लोकेंद्र जी राजपूत जिला विचार प्रमुख द्वारा रखा गया एवं मुख्य वक्ता के रूप में श्री शिव ब्रह्मा जी ने अपने विचार युवाओं के सामने रखें तथा मुख्य अतिथि श्री देवेश थापक जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच ने युवाओं को स्वदेशी का संकल्प दिलाया ।कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महिला प्रमुख श्री प्रियंका जी निराला द्वारा किया गया तथा आभार ग्वालियर नगर संयोजक श्री संतोष जी द्वारा प्रगट किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा स्वदेशी को घर-घर पहुंचाने का लक्ष्य ,राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लेकर कार्यक्रम संपन्न हुआ।

देवभोग क्षेत्र सुपेबेड़ा में 181 बोरा धान हुआ जप्त राजस्व पुलिस एवं पंचायत विभाग ने किया सील

संवाददाता हेमचंद नागेश
पुष्पांजली टुडे

गरियाबंद / राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 1 नवंबर से की जानी है ।इसे देखते हुए जिला प्रशासन सख्त हो गया है। विशेषकर अंतरराज्यीय बॉर्डर पर विशेष चेकपोस्ट बनाये गए हैं । ओडिशा राज्य की सीमा से लगे देवभोग विकासखंड में कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार लगातार अवैध परिवहन एवं भंडारण पर कार्रवाई की जा रही है ।उन्होंने संबंधित अनुभाग अधिकारियों को टीम बनाकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं । ज्ञात है कि जिले में भी धान खरीदी की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। 82 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी सभी केंद्रों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा जहां अवैध परिवहन की आशंका है ऐसे 28 चेक पोस्ट बनाए गए हैं जहां सयुंक्त टीम मौजूद रहेगी राजस्व, पुलिस एवम पंचायत विभाग द्वारा बीती रात ग्राम सुपेबेड़ा में अवैध रूप से धान भंडारण की जब्ती की गई एवं सील किया गया।

यहाँ कुल 181 बोरे धान 3 जगहों में पाए गए: इसी तरह गुरुवार को ही देवभोग अनुविभागीय अधिकारी अर्पिता पाठक के निर्देश पर खाद्य व मंडी के द्वारा रात्रि गस्त के दौरान अवैध धान परिवहन करते हुए वाहन क्रमांक ष्ट.ल.19 ॥ 3114 पिकप वाहन में 60 बोरी धान को जप्त किया गया। वाहन उड़ीसा के सिंगझर से देवभोग केंटपदर लाया जा रहा था जिसे साहयक खाद्य अधिकारी देवभोग, मंडी निरीक्षक रजनीकांत तिवारी के द्वारा जप्त कर थाना देवभोग के सुपुर्दगी में दिया गया है। प्रेस वार्तालाप पर एसडीएम अर्पिता पाठक ने बताया कि अवैध परिवहन और भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जाएगी।

जशपुर - किसान द्वारा आत्महत्या मामले में बीजेपी महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी ने साधा निशाना,कहा खेती करने वाले किसान को बीमार बताकर सच छुपाने का किया जा रहा प्रयास,परिजनों के बयान पर जांच करे प्रशासन,पीड़ित परिवार को 50 लाख का मुआवजा देकर, छत्तीसगढ़ की जनता से माफी मांगें मुख्यमंत्री

अश्वनी अवस्थी ब्यूरो चीफ
पुष्पांजली टुडे

छत्तीसगढ। जशपुर किसान द्वारा आत्महत्या के मामले में एक ओर प्रशासन मौके पर पंहुचकर मामले की जांच में जुट गया है वहीं बीजेपी महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी ने मृतक रामकुमार के प्रति अपनी श्रद्धांजलि दी है जशपुर जिले के बगीचा ब्लाक के ग्राम छिछली निवासी किसान रामकुमार यादव की आत्महत्या की घटना पर भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी ने मृतक किसान को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने प्रदेश की लबरा (झूठी) सरकार की लबारी (झूठ) को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में किसानों की कर्ज माफी और धान का एक एक दाना खरीदने, दो साल का बोनस देने जैसे झूठे वायदे कर,मतदाताओं को बरगला कर वोट हथिया लिए। सरकार में आते ही,सरकार ने किसानों से किये गए वायदों को दरकिनार कर दिया। किसानों को कर्ज माफी का कितना लाभ मिल,इसे किसान राजकुमार यादव के आत्महत्या की घटना से समझा जा सकता है। दो साल का धान बोनस अभी भी दूर की कौड़ी है। धान का एक एक दाना खरीदने का वायदा करने वाली कांग्रेस,किसानों के रकबा में कटौती करने में तुली हुई है। सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए जनता की आंखों में धूल झोंकना,कांग्रेस को भारी पड़ेगा। 2023 में सत्ता से बाहर जाना तय है।

Vibhashwani Awasthi
Member/PAC

50 लाख का मुआवजा तत्काल दे सरकार: विभा अवस्थी ने मृतक किसान रामकुमार यादव के परिवार को तत्काल 50 लाख का मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण युवा किसान को आत्मघाती कदम उठाना पड़ा। वे अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले व्यक्ति थे। परिवार अभी भी कर्जे में है। ऐसे में सरकार को तत्काल पीड़ित परिवार को राहत देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने आकाओं को खुश करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,उत्तर प्रदेश में जा कर 50 लाख का मुआवजा बांट सकते हैं तो,छत्तीसगढ़ के अन्नदाता बेटे के परिवार को भी यह मुआवजा मिलना चाहिए। अगर,सरकार मुआवजा नहीं देती है तो भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा सड़क में उतर कर,पीड़ित परिवार को न्याय दिलाएगी।

मध्य प्रदेश खाद बीज निगम के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री (दर्जा प्राप्त)

माननीय श्री मुन्नालाल गोयल जी का जन्मदिन दुम दाम मनाया गया

पवन विश्वकर्मा पुष्पांजली टुडे

अमन टैगोर जी (भाजपा युवा नेता)6अखिल भारतीय युवा संगठन संचालक एवं अध्यक्ष8के नेतृत्व में निज निवास पर मध्य प्रदेश खाद बीज निगम के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा माननीय श्री मुन्नालाल गोयल जी का जन्म दिन युवा कार्यकर्ताओं के शिव खटीक, शिवम मौर्य, कुणाल वर्मा, सभी इत्यादि युवा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर मनाया गया

ससुराल वालों से तंग आकर महिला ने फंसी लगाकर की खुदकुशी।

मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे

गोहद। गोहद चौराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत भूरी उर्फ शहनाज़ खान पत्नी सोनू खान उम्र 25 वर्ष निवासी इस्लामपुरा वार्ड क्रमांक 18 में शाम के लगभग 6 बजे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। महिला के मायके पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया है कि ससुराल पक्ष के लोग आए दिन महिला को परेशान एवं महिला की मारपीट करते थे। ससुराल पक्ष के द्वारा मारपीट व परेशान करने के कारण महिला ने खुदकुशी की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का शव परीक्षण कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है एवं महिला के मायके पक्ष की शिकायत पर घटना की बारीकी से जांच की जा रही है।

स्कूली बालिकाओं के बीच बांटे भाई का स्नेह और प्यार समाजसेवी मनोज

दैनिक पुष्पांजली टुडे

छुरा कार्तिक शुक्ल पक्ष के द्वितीय तिथि को मनाया जाने वाला भाई बहन के स्नेह का पावन पर्व भाई दूज पर्व हर्ष उल्लास के साथ संपन्न हुआ।वहीं भाई दूज का पावन पर्व आज शा.प्रा.शा. कमलीदादर विकासखंड बागबाहरा में स्कूली बच्चों के साथ बच्चों का मुंह मिठा कर मनाया गया समाज सेवी मनोज पटेल ने दिव्यांग शिक्षक ज्ञानदत्त पटेल का सम्मान कर भाई दूज कि शुभकामनाएं दीं। दिव्यांग शिक्षक ज्ञानदत्त पटेल का दोनों हाथ ना होने के बाद भी बच्चों को शिक्षा देने वाले महान शिक्षक। है। प्रधान पाठक उमेंद्र सिंह बरिया ने शिक्षक ज्ञानदत्त पटेल के कार्य की सराहना किया ।समाज सेवी मनोज पटेल ने सभी भाइयों को प्रेरित किया कि हमें अपनी बहनों को कभी भी मन,वचन, व कर्म से कष्ट नहीं पहुंचाना चाहिए क्योंकि बहन अपने भाईयों के प्रति सदैव स्नेह,प्रेम भाव, और दीर्घायु जीवन की कामना करती है। भाईदूज का त्यौहार भाई और बहन के अटूट प्रेम स्नेह व विश्वास का पर्व को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छगन साहू भी मौजुद थे।

बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी यशवंत पटवारी ने लिखा मायावती को पत्र

बसपा के प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पिप्पल को हटाने की मांग पर पटवारी पर गिरी थी गाज

मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे

गोहद। पिछले दिनों बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी यशवंत पटवारी को बसपा से निष्कासित कर दिया था इसी को लेकर उन्होंने प्रेस वार्ता के माध्यम से बसपा के प्रदेश पदाधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा था कि पार्टी में मेरी बात को नहीं सुना जा रहा है मैं बहन मायावती से मिलकर अपनी बात रखूगा इसी को लेकर यशवंत पटवारी के द्वारा बहन मायावती को पत्र लिखा गया है पत्र में कहा गया है कि मैं (एड. यशवन्त पटवारी) ब.स.पा. का कार्यकर्ता हूँ एवं लम्बे अर्से से पार्टी के विभिन्न पदों पर रहकर कार्य कर रहा हूँ। मैं सेक्टर अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष. जिला सचिव, विधानसभा प्रभारी जिला कोषाध्यक्ष, लोकसभा प्रभारी रह चुका हूँ। वर्तमान में विदिशा (म.प्र.) का जिला जोन प्रभारी था। (मैं 2020 के उप चुनाव गोहद जिला भिण्ड से विधानसभा उप चुनाव भी लड़ चुका हूँ) मैने 9 अप्रैल 2022 को रामजी गौतम साहब (मुख्य प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद) को भोपाल के प्रदेश कार्यालय पर पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से 20 बिन्दुओं को लेकर एक पत्र लिखा था जिस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं की गयी। मैने 25 जुलाई 2022 को बहिन जी से मिलने के लिए पूर्व स्वीकृति हेतु एक पत्र लिखा था वो पत्र बहन जी को नहीं मिला। वो रामजी गौतम को ही मिल गया, उन्होने ही 9 अगस्त को मुझे फोन करके पूछा है कि क्या दिक्कत है क्यों पत्र लिखा बहन जी को मैने उस समय भी रामजी गौतम को वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष को हटाने व किसी दूसरे योग्य व्यक्ति को प्रदेश अध्यक्ष बनाने की बात की थी।मैने पिछले 14.10.2022 को चार बिन्दुओं को लेकर पत्र लिखा और बहन जी एवं आकाश आनंद को स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज दिया एवं उसी पत्र की फोटो खींचकर रामजी गौतम, मुकेश अहिरवार एवं श्रीकांत को वाट्सअप कर दिया था। इसी बात को लेकर रामजी गौतम एवं रमाकांत पिप्पल ने मुझे पार्टी से निष्कासित करने का आदेश दे दिया और मुझे गोहद विधानसभा के विधानसभा अध्यक्ष ने क्षेत्रीय पत्रकारों को सूचना दी। मैने 18 अक्टूबर को अखबारों के माध्यम से मुझे पता चला कि मुझे पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप में निष्कासित कर दिया है। बहन जी मैने पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा से पार्टी का काम किया है

यदि मैने पार्टी हित में कोई पत्र लिखा है तो उसका समाधान भी होता है। म.प्र. में पिछले 4 वर्ष में बसपा की स्थिति बेहद कमजोर हैं और इंजी. रमाकांत पिप्पल के रहते एक भी विधायक नहीं बन सकता, ये बात सिर्फ में ही नहीं, बल्कि हजारों कार्यकर्ता कह रहे हैं (आप अपने गुप्तचरों के माध्यम से पता कर सकती हूँ) वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष बसपा को कमजोर करने का प्रयास कर रहे है। इनका मकसद सिर्फ धन कमाना रह गया है। मेरे पास कई सबूत हैं, इन सबूतों के आधार पर इंजी0 रमाकान्त पिप्पल को हटाकर किसी योग्य अनुभवी कार्यकर्ता अन्य पिछडा वर्ग या मुस्लिम समाज से प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा सकता है, इस बात को लेकर मुझसे बैठकर बात करने की कोशिश नहीं की बल्कि मुझे ही पार्टी से निष्कासित करा दिया।मैं बहन जी के लिए तीसरी बार पत्र लिखा रहा हू मुझे आपसे मिलने की पूर्व अनुमति दी जाये ताकि आपके द्वारा निर्धारित समय सीमा में मैं आपसे मिल सकू। म.प्र. की राजनैतिक गतिवधियों को लेकर अपनी पीढ़ा आपको बता सकू। पत्र की एक प्रति समाचार पत्रों में प्रकाशित करने के लिए भी प्रदाय की गई है।

सूचना

राष्ट्रीय प्रजापति हितकारिणी महासभा ((पंजी.))के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव एस.एन.प्रजापति.. शिवम ने बतलाया है कि दिनांक30/10/2022को संगठन की बार्षिक बैठक एवं दीपावली प्रजापति मिलन तथा प्रजापति गौरव सम्मान समारोह का आयोजन होटल सुखसागर पाटनकर बाजार लश्कर ग्वालियर म.प्र.में किया गया है।।कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मान. ख्यालेद्र प्रजापति जी द्वारा होगी एवं मुख्य अतिथि के बतौर मान.ई.राकेश प्रजापति जी सी.एम.डी.रैनकेश ऑटोमोबाइल.प्रा.लि. उत्तराखण्ड पधार रहे हैं।। मिलन समारोह में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड,मध्यप्रदेश, झारखंड, तैलागना,महाराष्ट्र, राजस्थान,दिल्ली आदि राज्यों से समाज बन्धु पधार रहे हैं।।।

अंतिम पंक्ति के हर व्यक्ति तक पहुँचे सरकार की योजनाओं का लाभ - ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

शिविर में 405 आवेदनों में से 321 का मौके पर ही हुआ निराकरण

ग्वालियर। क्षेत्रीय कार्यालय-5 कम्युनिटी हॉल कांचमिल में प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत शिविर लगाया गया। इस शिविर में हितग्राहियों की ओर से 405 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 321 आवेदनों को मौके पर ही निराकृत कर सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृति दी गई। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार की मंशानुसार अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना इन शिविरों का उद्देश्य है। इसलिए विभागीय अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ हितग्राहियों को लाभान्वित कराएँ।

शिविर को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र परिवार छूटे नहीं, इस उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर 17 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को क?? संबल मिला है।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उपनगर में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिये बेहतर कार्य किये जा रहे हैं। दो सीएम राइज स्कूल बनने जा रहे हैं। जिसमें से एक शा.क.उ.मा.वि. फोर्ट रोड का भूमि पूजन कल मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढी का जीवन अच्छा हो इसके लिये जरूरी है कि हम अच्छी शिक्षा व अच्छा स्वास्थ्य उपलब्ध करायें। यह काम प्रदेश सरकार पूरी शिद्दत के साथ कर रही है।

इस अवसर पर पार्षद श्रीमती मीरा मानसिंह राजपूत, पूर्व पार्षद श्री सुरेन्द्र चौहान, श्री जगराम कुशवाह, श्री मायाराम तोमर, श्री जगन्नाथ सिकरवार, श्री शेलेन्द्र सिकरवार सहित विभागीय अधिकारी एवं बडी संख्या में सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिये हितग्राही उपस्थित रहे।

लाडली लक्ष्मी, मजदूरी व कामकाजी महिला कार्ड व वृद्धा पेंशन के स्वीकृति पत्र वितरित किये

कम्युनिटी हॉल कांचमील में आम जनता की सुविधा के लिए लगाये गये जनसमस्या निवारण शिविर में हितग्राहियों के लाडली लक्ष्मी योजना, निर्माण श्रमिक कार्ड, वृद्धावस्था व कल्याणी पेंशन और घरेलू कामकाजी महिलाओं व हाथठेला योजना के आवेदन आये। संबंधित अधिकारियों द्वारा उनके आवदनों का शिविर में ही सत्यापन कर निराकरण किया गया। पात्र हितग्राहियों को ऊर्जा मंत्री श्री तोमर द्वारा प्रमाण पत्र सौंपे गए।

मंत्री श्री तोमर ने हर हितग्राही के पास जाकर सुनी समस्याएं

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शिविर में आने वाले नागरिकों के लिए कुर्सियों पर बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की। सभी हितग्राहियों को कुर्सी पर बैठाकर बारी बारी से उनके पास जाकर उनकी समस्या सुनकर वहीं निराकरण किया तथा कुछ समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी समस्या शिविर के माध्यम से आ रही है उनका निराकरण शीघ्र कर मुझे अवगत करायें।

117 दिन के बाद योग निद्रा से जागेंगे देव

सूर्य और शुक्र की स्थिति सही नहीं होने के कारण देव प्रबोधिनी एकादशी पर नहीं गूंजेंगी शहनाई

ग्वालियर। 4 महीने के शयन के बाद जगत के पालनहार भगवान श्री हरि 4 नवंबर को जागेंगे। इसी के साथ विवाह तथा मांगलिक कार्यो का आयोजन का सिलसिला शुरू हो जाता है। लेकिन इस बार देवउठनी ग्यारस पर सामान्य अबुझ मुहूर्त होने से तथा लोक परंपरा के आधार पर कहीं-कहीं सामाजिक विवाह समारोह ही हो सकेंगे। जनसाधारण के लिए विशेष विवाह मुहूर्त देवउठनी एकादशी से शुरू नहीं होंगे। क्योंकि इस बार देवउठनी एकादशी के दिन शुक्र तारा अस्त चल रहा है। जो 23 नवंबर को पश्चिम में उदय होने के उपरांत ही शादियों के विशेष मुहूर्त प्रारंभ हो सकेंगे।

बालाजी धाम काली माता मंदिर के ज्योतिषाचार्य डॉ. सतीश सोनी के अनुसार देवउठनी एकादशी के बाद भी मांगलिक कार्यो के लिए इस बार इंतजार करना होगा। शुक्र अस्त होने के कारण विवाह व मांगलिक कार्यो का श्रीगणेश 24 नवंबर के बाद ही होगा। देवोत्थान एकादशी पर 4 नवंबर को भगवान विष्णु 4 माह की योगनिद्रा से जागेंगे, और 5 नवंबर को तुलसी विवाह संपन्न होगा। सूर्य और शुक्र की स्थिति सही नहीं होने के कारण विवाह के मुहूर्त नहीं बन रहे हैं। क्योंकि शुक्र विवाह का कारक ग्रह माना जाता है। देव उत्थान एकादशी के बाद भी शुक्र अस्त होने के कारण विवाह मांगलिक कार्यो का कोई शुभ मुहूर्त नहीं मिल रहा है। ग्रहों की गणना के अनुसार 23 नवंबर को शुक्र का उदय होने के बाद विवाहिक कार्यक्रम अन्य धार्मिक आयोजन हो सकेंगे। और वही विवाह का अंतिम शुभ मुहूर्त दिसंबर 14 तक रहेगा। इसके बाद 16 से सूर्य धनु राशि में प्रवेश करने से मलमास प्रारंभ होगा ।जिसके कारण 1 माह के लिए मांगलिक कार्यो पर पुनः विराम लग जाएगा।

विवाह के लिए शुभ मांगलिक मुहूर्त

नवंबर 2022 -26, 27, 28
दिसंबर 2022- 2,7,8,9 ,14,
जनवरी 2023 - 25, 26, 30
फरवरी 2023- 9,10, 15, 16, 22
मार्च 2023- 8,9

मप्र का 67वाँ स्थापना दिवस

ग्वालियर में जन उत्सव के रूप में मनेगा

कलेक्टर सिंह ने बैठक लेकर गरिमामय ढंग से कार्यक्रम आयोजित करने के दिए निर्देश

ग्वालियर। सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ग्वालियर जिले में भी मध्यप्रदेश का 67वाँ स्थापना दिवस जन उत्सव के रूप में मनाया जायेगा। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक से सात नवम्बर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रम राज्य शासन की मंशा के अनुरूप पूरी गरिमा के साथ आयोजित किए जाएँ। कार्यक्रम हमारी परंपरा, जीवन मूल्यों और संस्कारों पर केन्द्रित होना चाहिए। शुक्रवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश के स्थापना दिवस एक नवम्बर को जिला मुख्यालय पर बाल भवन में मुख्य समारोह आयोजित होगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में भोपाल में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय समारोह का प्रसारण भी इस कार्यक्रम में एलईडी स्क्रीन के जरिए होगा। कलेक्टर श्री सिंह ने बाल भवन में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों की जवाबदेही नगर निगम और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपी है। स्थापना दिवस से शुरू होने वाले कार्यक्रमों की क?? में 2 नवम्बर को ला?ली लक्ष्मी योजना के तहत नई ला?लियों को इस योजना से जो?? जायेगा। 3 नवम्बर को स्वच्छता पर केन्द्रित गतिविधियां होंगीं। साथ ही ऐतिहासिक स्थलों व महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई की जायेगी।

चॉकलेट के बहाने 10 साल की बच्ची से रेप

रोती हुई मां से बोली- अंकल गंदे हैं

ग्वालियर। 'मैं मामा के कमरे के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान बंटी अंकल आए। उन्होंने मुझे चॉकलेट देने की बात कही। मैंने मना किया तो अंकल मेरा मुंह दबाकर मुझे बाथरूम में ले गए। वहां मेरे साथ गंदा काम किया। मामी की आवाज आई, तो मुझे धमकाकर भाग गए।%

इतना कहकर 10 साल की मासूम सिसकते हुए मां से चिपक गई। ये वारदात गुरुवार रात ग्वालियर के तिलकना गली चंदन नगर में हुई। जहां बच्ची के पड़ोस में रहने वाले 22 साल के किराएदार ने उससे रेप किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बच्ची पांचवीं की स्टूडेंट है। वह माता-पिता के साथ किराए से रहती है। इसी मकान में पीड़िता के मामा-मामी दूसरी मंजिल पर रहते हैं। मामा के पास वाले रूम में आरोपी बंटी जाटव (22) भी किराए से रहता है। गुरुवार को बच्ची के माता-पिता बाहर गए थे। वह बच्ची को मामा के घर छोड़ गए थे। रात 9 बजे परिजन लौटे, तो बच्ची लापता थी।

बाथरूम में बदहवास पड़ी मिली

बच्ची को तलाशते हुए मामी बाथरूम के पास पहुंची, तो दरवाजा खुला था। वह बाथरूम के नजदीक पहुंची ही थी कि अंदर से पड़ोसी बंटी जाटव निकला। मामी को देखते ही वह छत से कूदकर भाग गया। बाथरूम के अंदर बच्ची बदहवास हालत में पड़ी मिली। मामी ने बच्ची को उठाया और उसकी मां के पास लेकर पहुंची। यहां थोड़ी देर में बच्ची ने रोते हुए पूरी घटना बताई। उसकी मां और मामा-मामी बच्ची को लेकर थाने पहुंची।

शोर मचाने लगी तो मुंह दबा दिया

बच्ची ने पुलिस को बताया कि वह बंटी को अंकल बोलती है। रात को वह मामा के दरवाजे पर खेल रही थी। तभी अंकल आए। चॉकलेट देने की बात कहकर बाथरूम ले गए और गलत काम किया। जब मैंने शोर मचाने की कोशिश की, तो मुंह दबा दिया। जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी दीपक यादव का कहना है कि केस दर्ज कर आरोपी को दो घंटे में गिरफ्तार कर लिया है।

जरा सी आहट पर सहम रही मासूम

घटना के बाद से मासूम डरी और सहमी हुई है। उसके चेहरे पर घटना की दहशत साफ दिख रही है। जरा सी आहट पर वह सहम जाती है और मां से चिपक जाती है। बस इतना ही कहती है कि अंकल गंदे हैं।

सरकार की वादाखिलाफी से अतिथि विद्वानों ने हुंकार भरी

ग्वालियर। मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा जिस प्रकार से अतिथि विद्वानों के साथ छल छद्म वादाखिलाफी और अन्याय पूर्ण रवैया अपनाया गया अति विद्वान उससे पस्त हो करके अब महा आंदोलन का रुख अख्तियार कर लिए हैं और इनका प्रदेश स्तरीय धरना ग्वालियर में शुरू हो गया है ।

एक वक्तव्य के अनुसार जो जानकारी प्राप्त हुई उसमें यह है कि अतिथि विद्वान अब करो या मरो की स्थिति में आ गए हैं । उनका एक ही कथन है कि या तो सरकार हमको भी दे दे हमको सुरक्षित कर दे हमारे बच्चों के भविष्य सुरक्षित कर दे हमारे मां-बाप के लिए हम सहारा बन सकें। हमें ऐसी स्थिति पर पहुंचा दें कि हम उनकी सेवा कर सके अन्यथा एक साथ सामूहिक मृत्यु की ओर पहुँचा दें। अब हम और अन्याय सहने की स्थिति में नहीं हैं।

अतिथि विद्वान नियमितीकरण संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सुरजीत सिंह भदौरिया का कहना है कि शोषण की पराकाष्ठा हो गई । हम इस शोषणपूर्ण व्यवस्था से कराह उठे हैं और हमारी पीड़ा अब सड़कों पर दिखेगी । अब अंदर तो हम जितनी पीड़ा सहन कर सकते थे उतना किए अब आगे हमारे साथी और हम प्रदेश सरकार की वादाखिलाफी के कारण अब यह पीड़ा सहन नहीं कर सकेंगे ।

आँगनबाड़ियों एवं छात्रावासों के लिए बिरला अस्पताल ने सौंपे 100 आरओ सिस्टम

एडॉप्ट एन आँगनबाड़ी' अभियान में सहयोग के लिये बड़े समाज के कदम

कलेक्टर सिंह ने आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रदान किए आरओ सिस्टम

ग्वालियर। आंगनबाड़ियों एवं छात्रावासों को आदर्श बनाने की पहल में सहयोग के लिए समाज ने कदम आगे बढाए हैं। ग्वालियर शहर के प्रतिष्ठित निजी अस्पताल बीआईएमआर (बिरला हॉस्पिटल) ने ÷एडॉप्ट एन आँगनबाड़ी÷ एवं छात्रावासों के कायाकल्प अभियान में सराहनीय योगदान दिया है। बीआईएमआर हॉस्पिटल ने जिले की 72 आँगनबाड़ियों और अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों के लिये सरकार द्वारा संचालित 28 छात्रावासों में शुद्ध पेयजल के लिये आरओ सिस्टम प्रदान किए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर सरकार और समाज की साझा भागीदारी से आंगनबाड़ियों को आदर्श बनाने के लिये ÷एडॉप्ट एन आंगनबाड़ी÷ अभियान चलाया जा रहा है।

शुक्रवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के स्व. टी धमरांत सभागार में कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बिरला हॉस्पिटल समूह की ओर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और छात्रावास अधीक्षकों को आरओ सिस्टम सौंपे। इस अवसर पर बीआईएमआर के जनरल मैनेजर गोविंद देवड़ा व उप निदेशक श्री वेदप्रकाश पाण्डेय, अपर कलेक्टर एच बी शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास राहुल पाठक व सहायक आयुक्त जनजाति कल्याण एच बी शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने ÷एडॉप्ट एन आँगनबाड़ी÷ अभियान में सहयोग के लिए आगे आए बिरला अस्पताल समूह की सराहना की। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान भी बिरला अस्पताल समूह ने खासतौर पर नर्सिंग सेवायें प्रदान कर जिला प्रशासन की भरपूर मदद की थी। उन्होंने आंगनबाड़ियों व छात्रावासों में शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिये आरओ सिस्टम प्रदान करने पर बिरला अस्पताल समूह के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही उम्मीद जताई कि इससे प्रेरणा लेकर जिले व शहर के अन्य संस्थान भी आगे आयेंगे।

संक्षिप्त समाचार

पलक झपकते ही चेन गायब

सीसीटीवी फुटेज वायरल-ग्राहक बनकर आई ठग महिलाएं, आंखों के सामने से चोरी कर ले गई चेन

ग्वालियर। ग्वालियर के सराफा बाजार में दो ठग महिलाएं एक सराफा दुकान में कस्टमर बनकर दाखिल हुई। व्यापारी की आंखों के सामने 50 हजार रुपए की सोने की चेन चोरी कर ले गई। महिलाओं का कहना था कि उन्हें भाईदूज पर अपने भाई को यह गिफ्ट करना है। घटना सराफा बाजार आरएल गोल्ड ज्वेलर्स की है। महिलाओं के जाने के बाद जब वह गहनों का मिलान कर रहे थे तो एक चेन कम नजर आई। सीसीटीवी खंगाले तो महिलाएं चेन उठाकर रखती हुई दिख रही हैं। चोरी का अहसास होते ही व्यापारी थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। अब यह सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिससे पता चल सके कि महिलाएं कौन थीं। कोतवाली थाना क्षेत्र के सराफा बाजार स्थित आरएल गोल्ड पर गहने देखने पहुंची महिलाएं शोरूम संचालक को चकमा देकर एक सोने की चेन चोरी कर ले गईं। चोरी गई चेन 10 ग्राम की बताई गई है जिसकी कीमत लगभग 50 हजार रुपए है। महिलाओं के फुटेज दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में आए है। शोरूम संचालक अशोक कुमार गुप्ता ने घटना की शिकायत फुटेज के साथ कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में शोरूम संचालक ने बताया कि दोनों महिलाएं गहने देखने के लिए शाम को पहुंची थी। दोनों महिलाओं ने कुछ देर चेन व गहने देखे और फिर कुछ देर में वापस आने की बात बोलकर चलीं गई। महिला ग्राहकों के जाने के बाद जब शोरूम संचालकों ने गहने चेक किए तब एक चेन कम थीं। इसके बाद दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को जब चेक किया तब दोनों महिलाओं में से एक महिला चेन देखते समय एक चेन को हाथ की हथेली में छिपाकर दूसरी चेन देखती रही और फिर छिपाई चेन को दूसरे में हाथ में लेकर कपड़ों में छिपा कर चली गई।इस मामले में कोतवाली थाना प्रभारी राजीव गुप्ता ने बताया कि सराफा बाजार में दुकान पर ग्राहक बनकर आई महिलाओं ने सोने की चेन चोरी की है। व्यापारी ने शिकायत की है। जांच की जा रही है।

बापू के भक्तों ने वस्त्र वितरण कर मनाया दीपावली पर्व

ग्वालियर। संत श्री आशारामजी बापू आश्रम ग्वालियर द्वारा विगत वर्षो से चलाए जा रहे दीपावली पर्व सेवा अभियान के तहत घाटी गांव इलाके के स्टेशन पुरा में छह सैकड़ा आदिवासी बच्चों को गरम कपड़ेऔर महिलाओं को साड़ियां उपहार स्वरूप प्रदान की गई,साथ ही बच्चो को मिष्ठान फुलझड़ी इत्यादि सामान भी वितरण किया गया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बलबीर सिंह परमार ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी। स्टेशन पुरा में खुशी का माहौल देखते ही बन रहा था,बच्चे वस्त्र पाकर खुशी से झूम उठे और दौड़ 2कर चले आ रहे थे। बरसों से बापू भक्तों के साथ दीपावली मनाते चले आ रहे नारायण स्वरूप आदिवासी महिला पुरुष पूज्य गुरुदेव को हजारों आशीर्वाद देते दिखाई पड़ रहे थे। वस्त्र वितरण सेवाके पूर्व आश्रम के नरेश भाई अर्जुन भाई ने बच्चों को स्वस्थ जीवन की युक्तियां बताई साथ ही व्यसन मुक्त रहकर नियमित स्कूल से शिक्षा ग्रहण करने पर विशेष जोर दिया ताकि समाज में आत्म निर्भर बनकर सम्मानित जीवन जी सकें। हरिनाम संकीर्तन हास्य प्रयोग के पश्चात छह सैकड़ा बच्चों को गरम कपड़े और महिलाओं को साड़ियां प्रदान की गईं।

भक्ती में ही शक्ती हैं : मुनिश्री

मुनिश्री के सानिध्य में 108 मंडलीय भक्तामर विधान में 108 परिवारों ने की महाअर्चना

ग्वालियर। भक्ती में ही शक्ती हैं! और जो शक्ती भगवान में हें वह शक्ती आपके अंदर भी आ सकती हैं, यह आपके अंदर की शक्तियां हैं आप उनसे कितना ले पाते हैं! आचार्य मानतुंगाचार्य की भक्ती में वह शक्ती थी जो उन्होंने अपने हृदय में भगवान को विराजित कर उनकी भक्ती में भक्तामर स्त्रोत की रचना कर दी! यह विचार श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनामय वर्षयोग समिति एवं मुख्यसंयोजक मनोज जैन जैन कॉलिज के संयुक्त तत्वावधान में आज शुक्रवार को माधौगंज स्थित चतुर्मास स्थल अशियाना भवन श्री 108 मंडलीय भक्तामर महामंडल विधान में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री ने कहा कि प्रभु को गुणगान, स्तुति, भक्ति

समर्पित होकर करता है। भक्ति कभी भी, किसी की भी नहीं की जाती, भक्ति तो वह है जो अंतरंग से होती है, अंतर अंतरात्मा समर्पण के साथ होती है। भक्तामर स्तोत्र मंत्र यह 100 बार जाप करके जल आंखों पर लगा लें तो औषधि का काम करता है। भक्तामर स्तोत्र भक्ति प्रधान स्तोत्र है, जैन धर्म काव्य परंपरा में भक्तामर स्तोत्र की अपनी माहात्तम महिमा और गरिमा हैं।

विधान का शुभारंभ ध्वजारोहण कर किया

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया की श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज के सानिध्य भक्तामर विधान का शुभारंभ सचिन जैन परिवार गु?गांव हरियाणा ने जैन ध्वजारोहण कर किया। वही मुनिश्री एवं विधानचार्य ज्योतिषाचार्य हुकुमचंद जैन के मार्गदर्शन में इंदो ने भगवान आदिनाथ का कलशों से महामस्तकाभिषेक जयकारों के साथ किया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478